संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com पर पढ़े .......
20 फरवरी 2025, गुरुवार
पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 141
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

## झारखंड में दो दिनों तक होगी वज्रपात और ओलावृष्टि

**रांची ।** झारखंड में दो दिनों तक वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 20 और 22 फरवरी को राज्य के दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों में कहीं कहीं वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है। 20 फरवरी को जिन दक्षिणी जिलों में वज्रपात और ओलावृष्टि हो सकती है उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां शामिल है, जबकि मध्यवर्ती जिलों में रांची, खूंटी, गुमला, रामगढ, हजारीबाग शामिल है।

# महाकुम्भ : आस्था से अर्थव्यवस्था तक का अद्भुत संगम

## ● तीन लाख करोड़ रुपये का हुआ व्यापार

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर।** विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन महाकुम्भ ने व्यापार और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सी ) के अनुसार इस बार के महाकुम्भ ने तीन लाख करोड़ रुपये (360 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक का व्यापार उत्पन्न किया है, जिससे यह भारत के सबसे बड़े आर्थिक आयोजनों में से एक बन गया है। सीएआईटी के महासचिव और सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि यह आयोजन आस्था और अर्थव्यवस्था के गहरे संबंध को दर्शाता है।



प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है। खंडेलवाल ने बताया कि शुरुआती अनुमान के अनुसार 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने और दो लाख करोड़ रुपये के व्यापार की संभावना थी, लेकिन देशभर में इस आयोजन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह के कारण अब 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है, जिससे कुल व्यापार तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है।

महाकुम्भ 2025 के दौरान कई व्यापारिक क्षेत्रों में बड़ा आर्थिक उछाल देखने को मिला। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं:

पर्यटन, होटल और आवास सेवाएं
खाद्य और पेय पदार्थ उद्योग
परिवहन और लॉजिस्टिक्स
पूजा सामग्री, धार्मिक वस्त्र और हस्तशिल्प हेल्थकेयर और वेलनेस सेवाएं मीडिया, विज्ञापन और मनोरंजन उद्योग, स्मार्ट टेक्नोलॉजी, सीसीटीवी, टेलीकॉम और एआई आधारित सेवाएं

150 किमी तक हुआ प्रभाव

महाकुंभ के कारण केवल प्रयागराज ही नहीं, बल्कि 150 किमी के दायरे में स्थित शहरों और कस्बों में भी व्यापार में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके अलावा, अयोध्या, वाराणसी और अन्य धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे वहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है।

## बाबूलाल मरांडी ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**रांची ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान कर रहे हैं। इसी बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर आस्था और श्रद्धा की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में लोग जाति और धर्म से ऊपर उठकर पवित्र संगम में डुबकी लगा रहे हैं।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महाकुंभ में सबसे ज्यादा देश भर से युवा पूरे उत्साह के साथ डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं, जो सुखद है। इस मौके पर उन्होंने समस्त झारखंड वासियों के लिए मंगल कामना की।वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, आज प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर पुण्य स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर अपार आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। महाकुंभ का यह दिव्य वातावरण, संत महात्माओं के दर्शन और श्रद्धालुओं की आस्था वास्तव में अद्भुत और अलौकिक है।

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री, आज लेंगी शपथ

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के नए मुख्यमंत्री पद को लेकर संशय आज खत्म हो गया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज शाम पार्टी के दिल्ली प्रदेश मुख्यालय में मुख्यमंत्री पद के लिए शालीमार बाग की विधायक रेखा गुप्ता के नाम का ऐलान किया गया। रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी।वह कुछ देर में दिल्ली के उपराज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगी। वह 20 फरवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में पद व गोपनीयता की शपथ लेंगी।



दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज शाम आयोजित विधायक दल की बैठक में नई दिल्ली से विधायक प्रवेश वर्मा और रोहिणी से विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी ने ध्वनिमत से समर्थन किया। इससे पहले शाम सात बजे जब विधायक दल की बैठक शुरू हुई तो भी शालीमार बाग से विधायक चुनी गई रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। क्योंकि देश में जिन भी राज्यों में अभी भाजपा सरकारें हैं, वहां कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं है। बुधवार को विधायक दल की बैठक के लिए जब रेखा गुप्ता आईं तो मीडिया के सामने भी जीत का निशान (विक्ट्री साइन) दिखा कर सभी का अभिवादन स्वीकार कर रही थीं।

रेखा गुप्ता वैश्य समुदाय से आती हैं, जो दिल्ली में अच्छी खासी संख्या में है। वैश्य समुदाय को भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। रेखा गुप्ता दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 50 वर्षीय रेखा गुप्ता दक्षिण दिल्ली नगर निगम की मेयर भी रह चुकी हैं।

## मंत्री सुदिव्य ने किया राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन

# शंख व डमरू की ध्वनि से गूंजा इटखोरी महोत्सव

संवाददाता

**चतरा ।** चतरा जिले के इटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का बुधवार को राज्य के पर्यटन, कला व संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। समारोह में राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी, उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, झारखंड दिगंबर जैन न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य सचिव नांगजेय दोरजी समेत अन्य शामिल हुए।



समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि इटखोरी तीन धर्मों की संगम स्थली है। माता भद्रकाली की प्रसिद्धि दूर दूर तक है। आने वाले साल में सरकार राजकीय महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगी। यह राज्य का सबसे बड़ा महोत्सव बनेगा। तीनों धर्मों के राज गुरूओं को आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में विकास के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है।

चतरा जिले के इटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का बुधवार को उद्घाटन किया गया। महोत्सव का आगाज विश्व प्रसिद्ध शंख व डमरू वादक डॉ विपिन मिश्रा के स्त्रोत वादन के साथ किया गया।

महोत्सव में शंख व डमरू के साथ स्त्रोत वादन की उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। डॉ विपीन मिश्रा व उनके सहयोगी ने वैदिक परंपरा का निर्वहन करते हुए अपनी प्रस्तुति दी। समारोह के उद्घाटन के दौरान उन्होंने वैदिक स्त्रोत गायन के बीच शंख और डमरू से संगीत और भक्ति की समां बांध दी। 2015 से लेकर वे अब तक हर इटखोरी महोत्सव का गवाह बन रहे हैं। वहीं चतरा उपायुक्त रमेश घोलप और एसपी विकास पांडे ने उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अब अमेरिका से बेड़ियों में जकड़कर नहीं आएंगे भारतीय

**नई दिल्ली ।** अमेरिका से आने वाले अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी और बेडियां नहीं लगाई जाएगी। इस पहले आए प्रवासियों को हथकड़ी लगाने का वीडियो वायरल हुआ था और काफी सवाल उठाए गए थे। मामला संसद में उठा था, तब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भरोसा दिलाते हुए कहा था कि इस मामले को पूरी गंभीरता के साथ देख रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि यह उन्हीं उपायों का नतीजा है।

### संगम में प्रदूषित पानी के मामले पर यूपी सरकार पर नाराज हुआ एनजीटी

**नई दिल्ली ।** प्रयागराज के संगम में प्रदूषित पानी के मामले पर सुनवाई के वक्त नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल उत्तर प्रदेश सरकार की दलील पर नाराज हो गया। उत्तर प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने कोर्ट में कहा कि सैंपल में जहां से पानी लिया गया, वहां का पानी दूषित था। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने एनजीटी के सामने रिपोर्ट पेश की थी, इस रिपोर्ट में कहा गया कि महाकुंभ में संगम का पानी नहाने योग्य नहीं है।




# गिरिडीह : सड़क हादसे में बैंक मैनेजर समेत छह की मौत

संवाददाता

**गिरिडीह ।** गिरिडीह-डुमरी मार्ग पर मंगलवार आधी रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में बैंक मैनेजर समेत छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मधुबन थाना क्षेत्र के लट्टकट्टो इलाके में हुआ।



जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो और बाइक विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। इसी दौरान स्कॉर्पियो चालक लाइट की चकाचौंध से संतुलन खो बैठा। पहले उसने बाइक को टक्कर मारी, फिर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा भिड़ी।

घटना की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार ने मधुबन थाना पुलिस को मौके पर भेजा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों से शवों को बाहर निकाला। एसडीपीओ सुमित कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में चार स्कॉर्पियो सवार और दो बाइक सवार थे। इनमें से एक शव की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी 40 वर्षीय सोमेश चंद्रा बैंक मेनेजर केनरा बैंक इसरी बाजार शांखा (पिता रवि शंकर प्रसाद सिंह), 21 वर्षीय गोपाल कुमार (पिता नरेश प्रसाद सिंह) और गुलाब कुमार (इसरी बाजार) के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य की पहचान नहीं हो सकी है।बाइक सवार मृतकों में मधुबन थाना क्षेत्र के छछंदो निवासी 26 वर्षीय बबलू कुमार टुडू (पिता चेतलाल टुडू) और धावाटांड निवासी 55 वर्षीय हुसैनी मियां (पिता स्व. लाटो मियां) शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मृतकों के परिजनों को सूचना भेजी गई है।

# कांग्रेस नेताओं पर चुनाव परिणामों के लिए जवाबदेही तय होगी : खरगे

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज यहां पार्टी के शीर्ष नेताओं से कहा कि वे सभी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और भविष्य में होने वाले चुनावों के परिणामों के लिए जवाबदेह ठहराए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने दलबदलुओं के खिलाफ भी चेतावनी दी।



खरगे दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हुई शर्मनाक पराजय के बाद आज यहां इंदिरा भवन स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों और राज्य प्रभारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी नेताओं से जमीनी स्तर पर काम करने और बूथ स्तर से पार्टी को मजबूत करने तथा ऐसे लोगों को बढ़ावा देने का आग्रह किया, जो संगठन के प्रति वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध हैं। संगठन को राज्य मुख्यालय से बूथ तक जल्द से जल्द मजबूती से खड़ा करना होगा। इस काम के लिए खुद बूथ तक जाना होगा, मेहनत करनी होगी और कार्यकर्ताओं से सम्पर्क साधना होगा। अगर आप खुद निचले स्तर पर बूथ, मंडल और ब्लॉक स्तर पर जाएंगे, जिला और राज्य स्तर पर जाएंगे तो वहां नए लोगों को जोड़ पाएंगे। भरोसेमंद और विचारों से मजबूत लोगों को अपने साथ ला पाएंगे। पार्टी के आनुषंगिक संगठनों को इसमें भागीदार बनाना होगा। श्रमिक संगठन इंटक की चर्चा करते हुए खरगे ने कहा कि वो हमारे अहम हिस्सा हैं, उन्हें भी संगठन निर्माण में भागीदार बनाइए। ऐसे लोग जो पार्टी के लिए बहुत कारगर हो सकते हैं लेकिन उन्हें मौक़ा नहीं मिला तो उन्हें आप आगे ला सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस के आदर्शों के प्रति संकल्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए, जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह हमारे साथ खड़े रहें। इन दिनों पार्टी का संविधान बचाओ अभियान चल रहा है।

# सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी की राहुल को नसीहत, सेना को राजनीति में नहीं घसीटे

## चीन के साथ सीमा विवाद पर बातचीत का दौर जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि सेना को कभी भी राजनीति में नहीं घसीटना नहीं चाहिए। ऐसा होने पर बहुत चिंता की बात होगी। सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना ने चीन के साथ बातचीत के रास्ते को आगे बढ़ाया है। यदि हम एक दूसरे से बात करते हैं तब बहुत से संदेह दूर हो पाएंगे। हमारी यह राय रही है कि किसी भी तरह से संदेह को खत्म किया जाए। इसके लिए हमारे द्वारा कोर कमांडर्स को ताकत दी है कि जहां भी संभव हो, वे फैसला ले लें। यदि बातचीत से कोई मसला हल होता है, तब कर लिया जाए। उन्हें यह पावर दी गई है कि यदि उनके लेवल से कोई मामला हल हो सकता है, तब क्यों ना ऐसा किया जाए। उसके लिए किसी भी तरह की मंजूरी का इंतजार करने की जरूरत नहीं है।



दरअसल राहुल गांधी ने कहा था कि चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने कहा था कि लद्दाख सेक्टर में घुसपैठ हुई थी। इस पर उन्होंने कहा कि सेना को राजनीति में नहीं घसीटा जाना चाहिए। वहीं महिलाओं को देवी काली की तरह सेना में शामिल करने की अपनी टिप्पणी पर फिर से जनरल द्विवेदी ने अपनी बात की। जनरल द्विवेदी ने कहा कि मेरा भाव यह था, जो हमारे इतिहास में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बारे में कहा गया था कि बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खूब लड़ी मर्दानी वह झांसी वाली रानी थी। बता दें कि महिलाओं को सेना में शामिल करने के वह हिमायती रहे हैं। सेना प्रमुख ने इस दौरान हथियारों की बिक्री को लेकर भी बात की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमारे यहां से विदेशों में हथियार भेजे जा रहे हैं। इसकी वजह यह है कि अब हथियार बनाने वाली कंपनियों को आसानी से लाइसेंस देने और छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से यह कहता रहा है कि हम संवाद चाहते हैं। लेकिन जब जरूरी होगा, तब हम जंग से भी पीछे नहीं हटने वाले है। इस दौरान जब पूछा गया कि यदि किसी सेना कोई शहीद होता है, तब आप लोग कैसे परिवार को बताते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बेहद दर्दनाक अनुभव होता है। लेकिन हम एक परिवार की तरह काम करते हैं। सेना में इंजीनियर, आर्टी, इन्फैंट्री सहित सभी लोग एक परिवार जैसे हैं।

# महाकुंभ को लेकर खरगे, अखिलेश, लालू और ममता के विवादित बयान, बीजेपी के लिए कर रहे पिच तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रयागराज महाकुंभ जैसे-जैसे अंतिम चरण की ओर जा रहा हैं वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बढ़ रही है। लोग स्नान करने के लिए संगम के पवित्र तट पर उमड़ रहे हैं। वहीं इस मुद्दे पर सियासत भी जोर पकड़ रही है। महाकुंभ को लेकर विपक्षी नेताओं की ओर से इसतरह के बयान सामने आ चुके हैं, इन बयानों को लेकर घमासान तेज हो गया है। सबसे ताजा मामला पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से जुड़ा है। ममता ने महाकुंभ के आयोजन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधकर मृत्यु कुंभ की संज्ञा दी है। उनके बयान पर अब विवाद खड़ा हो गया है। हालांकि, विपक्षी नेताओं में वे अकेली नहीं हैं जिन्होंने इस तरह की टिप्पणी की है। लालू यादव, मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई और सियासी दिग्गजों ने इसतरह के बयान दिए हैं।

महाकुंभ को लेकर चल रही भीड़ के बीच ममता ने अजीब कमेंट किया है। उन्होंने हालिया भगदड़ की घटनाओं का हवाला देकर महाकुंभ को मृत्यु कुंभ करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस धार्मिक आयोजन में वीवीआईपी को विशेष सुविधाएं मिल रही हैं, जबकि गरीब और सामान्य श्रद्धालु इन सुविधाओं से वंचित हैं।

इसकारण अब महाकुंभ मृत्यु कुंभ में बदल चुका है। वीआईपी लोगों को खास सुविधाएं दी जा रही हैं। आप देश को बांटने के लिए धर्म बेच रहे हैं। ममता ने कहा कि बंगाल पहुंचे शवों का यहां पोस्टमॉर्टम किया क्योंकि आपने बिना डेथ सर्टिफिकेट के शव भेज दिए। इन लोगों को मुआवजा कैसे मिलेगा?

दरअसल विपक्षी नेताओं में ममता अकेली नहीं हैं। लालू प्रसाद यादव, खरगे ने भी कुंभ के आयोजन, हाल ही में हुई भगदड़ की घटनाओं पर इसतरह के कमेंट किए थे। आरजेडी सुप्रीमो और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव ने कुंभ को अर्थहीन और फालतू बताया था। उधर महू की रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने कहा कि गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर होती है क्या? आपको पेट में खाना मिलता है क्या?

वहीं लालू ने कुंभ को अर्थहीन बताकर कहा कि कुंभ का कोई मतलब नहीं, फालतू है कुंभ। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर उन्होंने रेलवे को जिम्मेदार ठहराकर रेल मंत्री के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बहुत दुखद घटना घटी है। यह रेलवे की गलती है। इस घटना के बाद केंद्रीय रेल मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।

**अखिलेश और शिवपाल यादव ने भी उठाए थे सवाल**

सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने 144 साल बाद कुंभ होने के दावे पर सवाल उठाए थे। शिवपाल यादव ने भी इन दावों को खारिज कर सरकारी धन का दुरुपयोग करार दिया था। बीजेपी ने विपक्ष पर सनातन धर्म विरोधी होने का आरोप लगाया है। भले ही विरोधी नेताओं के द्वारा सवाल उठाया जा रहा, लेकिन सच यह हैं कि कुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अब तक 55 करोड़ से ज्यादा लोगों ने पवित्र स्नान किया है। बीजेपी ने विपक्ष के बयानों को सनातन धर्म और हिंदुओं के प्रति द्वेष बताया है। पश्चिम बंगाल की सीएम के बयान पर बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पलटवार किया है। बीजेपी प्रवक्ता भंडारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी नेता सनातन और हिंदुओं से नफरत करते हैं। ममता ने महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहकर यह साफ कर दिया कि सनातन और हिंदुओं के प्रति उनके मन में नफरत है। अखिलेश यादव महाकुंभ में अकबर को खोज रहे हैं, वहीं राहुल गांधी ने अभी तक महाकुंभ में डुबकी नहीं लगाई है।

# शिवम स्टील समूह के फैक्ट्रियों में आयकर विभाग का छापा




संवाददाता

**गिरिडीह ।** गिरिडीह की लौह उत्पादक कंपनी शिवम आयरन एंड स्टील कम्पनी सिसकॉन टीएमटी एवं लाल फैरो में आयकर विभाग की जीएसटी की टीम पहुंच छापेमारी की। टीम में 50 से अधिक अधिकारी और सुरक्षा बल जवान शामिल थे। अधिकारियों के टीशर्ट में जीएसटी का टैग प्रिंट था। जिससे यह समझा गया कि यह छापेमारी जीएसटी की टीम द्वारा की गई। टीम ने देर रात गये तक समूह की सभी फैक्ट्रियों व संचालक के आवासीय कार्यालय में सर्वे किया और कागजातों को खंगाला। केंद्र सरकार के आयकर विभाग से जुड़ी जीएसटी की टीम शिवम समूह के फैक्ट्रियों व घरों पर एक साथ छापेमारी किया। यह टीम मंगलवार को दोपहर बाद करीब चार बजे टीम शिवम स्टील समूह के फैक्ट्रियों व आवासीय कार्यालय में एक साथ छापेमारी की।इस दौरान टीम ने उदनाबाद स्थित शिवम स्टील समूह की तीन फैक्ट्री, सत्यम शिवम सुंदरम के साथ ही शहर के बाभनटोली स्थित आवासीय कार्यालय में कार्रवाई की। बिहार के पटना से विजलेंस ब्यूरो के अधिकारियों की टीम ने सभी स्थानों पर एक साथ सर्वे की कारवाई में शुरू की। इस दौरान अधिकारियों ने शिवम स्टील समूह के औद्योगिक क्षेत्र के जमबाद स्थित मुख्य फैक्ट्री शिवम फैक्ट्री के ऑफिस को सील कर दिया। साथ ही ऑफिस के सारे कर्मियों के मोबाइल को भी जब्त कर लिया गया। यहां तक कि फैक्ट्री के गार्ड के मोबाइल को भी जब्त कर लिया। छापेमारी से सम्बंधित विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है। टीम में शामिल अधिकारियों ने इस सम्बंध में कुछ भी बताने से गुरेज किया। वहीं फैक्ट्री के संचालकों शंभु अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल व प्रमोद अग्रवाल का भी मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण उन सबों से भी सम्पर्क नहीं हो पाया। आशंका जतायी जा रही है कि केंद्र सरकार के आयकर विभाग से जुड़ी जीएसटी के मामले में किसी प्रकार की गड़बड़ी के मामले की जांच करने टीम ने यह छापेमारी की है।

# नगर निगम ने 73 बड़े बकायादारों से 2.33 करोड़ की वूसली को लेकर कसा शिकंजा




संवाददाता

**रांची ।** रांची नगर निगम होल्डिंग टैक्स के बड़े बकाएदारों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। निगम के प्रशासक ने पत्र जारी कर कहा है कि रांची में ऐसे 73 बड़े बकायादार हैं, जिनपर निगम का 2.33 करोड़ रुपये होल्डिंग टैक्स बकाया है।

पत्र में कहा गया है कि निगम ने पूर्व में 100 प्रमुख बकायादों को नोटिस जारी कर होल्डिंग जमा करने को कहा था, लेकिन इनमें से केवल 27 ने ही बकाया होल्डिंग की राशि जमा कराई है। शेष 73 लोगों ने बकाया जमा नहीं कराया है। निगम की ओर से इन बड़े बकायादारों का नाम भी बताया है, जिसमें मुख्य रूप से मेसर्स बीआईटी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मोदस्सशर, हुसैन, दानिश, शीला देवी पोददार, मंजुला देवी, चिकित्सक संघ, डॉक्टर क्लिब, छोटानागपुर पब्लिक स्कूल ,सुखनाथ महतो, बिनोद प्रकाश सिंह, जय प्रकाश सिंह और अन्य, सरोज देवी शर्मा, सुबोध कुमार प्रसाद, बीआईटी मेसरा, शुत्रुघ्न सिंह समेत अन्य का नाम शामिल है।

वहीं निगम ने कहा है इन 73 बड़े बकायादारों को गुरुवार को अंतिम नोटिस जारी किया जाएगा। यदि तीन दिनों के भीतर टैक्स जमा नहीं कराते हैं तो इनकी जलापूर्ति और कूड़ा उठाव जैसी अन्?य जरूरी सेवाएं बंद कर दी जाएगी।

# बगोदर में अनियंत्रित बाइक पोल से टकराई, दो की मौत, एक गंभीर

संवाददाता

**गिरिडीह ।** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो बिजली पोल से जा टकरायी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि हादसे में बाइक सवार दो युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।मृतकों की पहचान आशीष कुमार पिता रामकृष्ण मंडल एवं अभिषेक कुमार पिता स्वर्गीय नागेश्वर मंडल के रूप में हुई। दोनों चचेरे भाई हैं। वही घायल संदीप ठाकुर पिता विजय ठाकुर है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात लगभग 12 बजे तीन युवक एक ही बाइक पर सवार हो मुंडरो से अपने गांव बिहारो लौट रहे थे। उनकी बाइक की रफ्तार काफी तेज होने के कारण अटका-मुंडरो रोड स्थित बिहारो के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गयी और, बाइक सड़क किनारे स्थित बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि बाइक के परखच्चे उड़ गये और बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज हेतु बगोदर ट्रामा सेंटर ले गये। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गयी। वहीं दो अन्य युवकों की भी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने दोनों युवकों को हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान एक और युवक की मौत हो गयी। जबकि तीसरे घायल युवक संदीप ठाकुर का हजारीबाग में इलाज जारी है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।

# दो युवकों की हत्या, जंगल में मिला शव

संवाददाता

**पलामू ।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में दो युवकों की हत्या कर दी गई। उनके शव रजखेता जंगल के अमलाटोली से बरामद किए गए। दोनों के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। एक युवक की पहचान इसी थाना क्षेत्र के चुनका निवासी दिनेश यादव के रूप में हुई है। दूसरे की पहचान के लिए जांच तेज की गयी है। घटनास्थल से राइफल का टूटा हुआ एक बट मिला है। पुलिस के अनुसार गांव की एक महिला लकड़ी लेने के लिए जंगल में गयी थी। उसने दोनों युवकों के शव देखकर गांववालों को जानकारी दी। बाद में सूचना मिली तो घटनास्थल पर जाकर जांच की गयी। मौके से राइफल बंदूक का टूटा हुआ एक बट मिला है। एक युवक के पीठ पर बैग टंगा हुआ मिला है। फिलहाल जांच की जा रही है।

जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि एक की पहचान हो गई है, जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस पूरे मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## 22 दिनों से लापता हर्ष की क्षत विक्षत मिली लाश, सड़क जाम



**पलामू ।** पलामू जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के महुलिया से 22 दिनों से लापता हर्ष कुमार पिता अभिमन्यु प्रसाद का क्षत विक्षत शव बरामद हुआ है। बच्चे के घर से एक किलोमीटर दूर हदहदवा नाला के पहाड़ी के पास से बरामद किया गया। पैर का हिस्सा एवं कपड़े से शव की पहचान की गयी। पैर का हिस्सा एवं खोपड़ी केवल मिली है। मौके से एक टांगी भी मिली है। धड़ से कमर का हिस्सा गायब है। जैकेट, पेंट एवं पैर से बच्चे की पहचान की गयी। सूचना मिलने पर एसएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स ले जाया जाएगा। क्षत विक्षत शव मिलने की सूचना पर परिजन एवं ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं एवं पाटन-पदमा मुख्य पथ को जाम कर दिया है। बुधवार को गांव की एक महिला हदहदवा नाला के पहाड़ी की तरह गयी थी। उसने एक बच्चे का शव क्षत विक्षत देखा। इसकी जानकारी गांव के लोगों को दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे एवं जैकेट, पेंट एवं पैर से बच्चे की पहचान की। शव की शिनाख्त होते ही परिजन चितकार मारकर रोने बिलखने लगे। अन्य ग्रामीण आक्रोशित होकर सड़क पर उतर गए एवं पाटन-पदमा मुख्य पथ को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए हैं एवं आक्रोशित लोगों को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव भी मौके पर पहुंचे एवं विशेष टीम गठित कर घटना का उदभेदन करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। बतातें चलें कि 27 जनवरी शाम करीब साढ़े पांच बजे से 14 वर्षीय हर्ष कुमार पिता अभिमन्यु प्रसाद लापता हो गया था। पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि नंद यादव का कहना है कि इस तरह की घटना से यहां के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यह घटना दिल दहला देने वाली है। थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर इस तरह की घटना हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि आज हर्ष के साथ ऐसी घटना हुई। आने वाले दिन में उनके बच्चों के साथ भी हो सकती है। इस तरह की घटना की पुलिस गहनता पूर्वक जांच कर कार्रवाई करें।

# कस्तूरबा विद्यालय की एकाउंटेंट प्रिंयका कुमारी ने की आत्महत्या

संवाददाता

**पलामू ।** पलामू जिले के पाटन स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की एकाउंटेंट प्रियंका कुमारी (28) बुधवार को अपने क्वार्टर में फांसी के फंदे से झूलती मिलीं। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वार्डन कृष्णा कुमारी ने एमआरएमसीएच में बुधवार को बताया कि मैं जब क्लास लेकर ऑफिस में गई तो गार्ड विनोद फोन लेकर के आया और कहा कि एकाउंटेंट मैडम के हस्बैंड का बार-बार कॉल आ रहा है बात करने को लेकर। विद्यालय में मैडम नहीं मिली।

क्वार्टर की तरफ गए तो वहां देखा कि अंदर से गेट बंद है। बार-बार धक्का देने के बाद भी गेट नहीं खुला। गांव के ही मिस्त्री साधु राम को बुलाया। खिड़की के ग्रिल के रॉड को काटा गया एवं अंदर रूम में गए तो देखा किया प्रियंका दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकी हुई थी। पाटन पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने के बाद दुपट्टे को चाकू से काटकर प्रियंका को नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया। वार्डन ने बताया कि 1 अगस्त 2024 को एकाउंटेंट प्रियंका ने विद्यालय में अपना योगदान दिया था। स्टार्टिंग में स्कूल के क्वार्टर में ही रहा करती थी। उसके बाद डालटनगंज से ही आना जाना करती थी। लंबे समय से कस्तूरबा में एकाउंटेंट थी एवं चैनपुर से पाटन स्थानान्तरण के बाद आई थी। बुधवार को लगभग 11 बजे के बाद स्कूल आई थी और 12.15 में फांसी लगाने की जानकारी मिली। दरवाजे को खोलने में 1 घंटे लगा। मिस्त्री साधु राम ने बताया कि जब वह खिड़की से अंदर गया तब मोबाइल चालू था। पुलिस ने मोबाइल को जब्त कर लिया है। अंतिम बार किससे बात हुई, यह पता लगाया जा रहा है। प्रियंका की शादी पांच साल पहले कंचन कुमार रजक से हुई थी। कंचन रोगजार सेवक है। घटना की सूचना दे दी गई है। घटना के वक्त वह रांची में थे। वहां से पलामू के लिए निकल गए हैं। प्रियंका का ससुराल छतरपुर थाना क्षेत्र के सड़मा गांव में है। वह तीन साल की एक बेटी की मां थी। वह मेदिनीनगर में किराए के मकान में रहती थी।

# खतियान विसंगति से परेशान चिक बड़ाइक समाज, राज्यपाल से समाधान की मांग



**रांची ।** चिक बड़ाइक समन्वय समिति के एक शिष्टमंडल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात की और खतियान में नाम दर्जीकरण की विसंगति को लेकर अपनी समस्या रखी। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को बताया कि कहीं चिक, कहीं बड़ाइक और कहीं चिक बड़ाइक दर्ज है, जबकि ये तीनों एक ही समुदाय से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि चिक बड़ाइक को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया गया है, लेकिन इस भ्रम की वजह से खतियान में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिससे भूमि सुरक्षा प्रभावित हो रही है।समिति ने राज्यपाल से इस विसंगति को दूर करने और जरूरी पहल करने का अनुरोध किया। राज्यपाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना को लेकर राज्यपाल से मिला शिष्टमंडल

**रांची ।** झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के शिष्टमंडल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की । शिष्टमंडल का नेतृत्व मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के युवाओं में देशप्रेम की भावना को जागृत बनाए रखने और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को संजोए रखने के उद्देश्य से हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना के लिए पहल करने का आग्रह किया।

# साली से दुष्कर्म मामले में 20 साल की कैद

**रांची ।** झारखंड के रांची में नाबालिग साली से दुष्कर्म करने वाले जीजा को दोषी करार देकर कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है। पॉक्सो विशेष अदालत ने जीजा को 11 को दोषी ठहराकर 18 फरवरी को 20 साल की सजा सुना दी है। यानी जीजा को जिंदगी के बचे हुए दिन अब जेल में बिताना होगा। पॉक्सो मामले के विशेष न्यायधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने ये सजा अनिल इक्का का सुनाई है। अदालत ने इक्का को साली से दुष्कर्म के मामले में दोषी पाया है। दअरसल ये मामला 28 जून 2019 का है। इस मामले में पीड़िता ने रांची के छन्हों थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसका जीजा स्कूल में नामांकन के बहाने लेकर गया था। लौटते समय बाइक खराब होने के बहाने से साली को पैदल लेकर खेत के रास्ते घर जाने लगा। जहां सुनसान जगह पर जीजा ने मौका पाकर शराब के नशे में पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता ने घटना की जानकारी अपनी बुआ को दी। जिसके बाद बुआ की मदद से पीड़िता ने जून 2019 में मामला दर्ज कराया था।

# रांची में होली पर होगा कवि सम्मेलन

**रांची ।** राजधानी रांची में हर साल होली के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन करने वाली समिति इस वर्ष भी काव्य रसिकों के लिए विशेष आयोजन कर रही है। 12 मार्च को रात 9 बजे हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में हास्य, व्यंग्य, शृंगार और वीर रस की कविताओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में समिति के मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि जानी बैरागी, सुनील पाल, भुवन मोहिनी, रमेश मुस्कान, गौरव चौहान और शशिकांत यादव सहित कई कवि रात भर लोगों को अपने हास्य व्यंग, वीर रस तथा श्रृंगार रस की कविताओं से गुदगुदाएंगे। वहीं समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने बताया कि आयोजन स्थल पर सभी तरह की सुरक्षा की व्यवस्था होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर जलपान की भी व्यवस्था होगी। वहीं पूर्व अध्यक्ष ललित पोद्दार ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निश्शुल्क है । पूर्व अध्यक्ष विनोद जैन ने रांची के सभी कविताप्रेमियों से कवि सम्मेलन का लुफ्त उठाने का आग्रह किया है।

# डीसी ने दिया अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्देश

**खूंटी ।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में एनकॉर्ड (नार्को कॉ आर्डिनेशन सेंटर) की बैठक हुई। बैठक में मादक पदार्थों के नियंत्रण के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस विभाग और एनकॉर्ड से संबंधित अधिकारियों द्वारा अफीम की खेती के मामले में की गई एफआइआर और अन्य कार्रवाई की जानकारी ली गई। प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की वन प्रमंडल पदाधिकारी ने समीक्षा की। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने जिले में विशेष अभियान चलाते हुए अफीम की खेती को नष्ट करने का निर्देश दिया। आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त ट्रैक्टर, पुलिस के जवान, चौकीदार और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी और कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया। बैठक में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने को लेकर सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे लोगों को जागरूक करें। साथ ही 27 फरवरी को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर आमजनों से वैकल्पिक खेती के लिए सुझाव लेने का निर्देश दिया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफीम विनष्टीकरण को लेकर छापामारी अभियान चलाया जाए।

# दलहन एवं तेलहन की खेती के लिए जाना जाएगा पलामू : राधाकृष्ण किशोर




संवाददाता

**पलामू ।** जिला मुख्यालय डालटनगंज शिवाजी मैदान में प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन बुधवार को किया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की ओर से आयोजित इस किसान मेले का उदघाटन राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेता तिर्की एवं वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मेला में 40 स्टॉल लगाये गये, जहां विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। मेला में 16 किसानों के बीच परिस्थितियों का भी वितरण किया गया। मंत्री ने सभी स्टॉल का निरीक्षण कर वहां प्रदर्शित कृषि उत्पाद एवं कृषियंत्रों का अवलोकन किया। मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट की चर्चा करते हुए कहा कि पलामू जिले में दलहन एवं तेलहन फसल को बड़े पैमाने पर बढावा देने के लिए स्टोरेज और प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जायेगी।

## आरुणि ने एसआर डीएवी का बढ़ाया मान

**रांची ।** राजधानी रांची के पुंदाग स्थित एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल (बैच 2022) के पूर्व छात्र आरुणि प्रसाद ने एनसीसी (नेवी विंग) में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है। आरूणी को एनसीसी में ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट (5वां स्थान) - नेवी विंग मिला है। इसके अलावा उन्हें सिंगापुर प्रतिनिधिमंडल के लिए ऑल इंडिया स्पॉन्सर्ड कैडेट के रूप में चयन किया गया है। अरूणी का चयन 50 मीटर श्रेणी में देश के शीर्ष 15 सर्वश्रेष्ठ शूटरों में हुआ है। उनका चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए भी किया गया है। आरूणी की कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प ने भावी कैडेट्स के लिए एक नया मापदंड स्थापित किया है।

# झारखंड सेवा देने की गारंटी अधिनियम लागू करे सरकार : विजय



संवाददाता

**रांची ।** झारखंड सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 को राज्य के सभी जिलों में सख्ती से लागू कर झारखंडी जनमानस के बुनियादी समस्याओं करे सरकार। उपरोक्त बाते आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य के मुख्य मंत्री/ राज्य के मुख्य सचिव को ईमेल भेजकर कही द्य इन्होने यह भी कहा कि झारखंड में सभी लोगों के लिए झारखंड सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 लागू किया गया था । निर्धारित अवधि के भीतर लोगों को सेवा देने की उक्त अधिनियम मे बाध्यता थी । लेकिन राज्य के विभिन्न जिलों में इसका अनुपालन आज कहीं भी नहीं किया जा रहा है जिसके मुख्य दोषी विभिन्न जिलों उपायुक्त है। आज इसी का दुष्परिणाम और मुख्य कारण है कि हर छोटे- मोटे काम के लिए राज्य की भोली भाली आम जनो को सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता है और बाबुओं के आगे न केवल गिड़गिड़ना पड़ रहा है बल्कि उन्हें बख्शीश घुस भी देने पड़ रहे है जो राज्य के लिए शुभ संकेत नही है एव? राज्यकी जनता के लिए यह आक्रोश का विषय है । भ्रष्टाचार में नियंत्रण, लोगों का काम समय पर हो, लोगों को कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इस लिहाज से ही इस अधिनियम को को कानून बना कर पुरे राज्य मे लागु किया गया था। लेकिन इसका अनुपालन राज्य के विभिन्न जिलो में नहीं हो सका।

# तीन चोर गिरफ्तार, जंगल से 22 मोटरसाइकिल बरामद



संवाददाता

**कोडरमा ।** जिले की मरकच्चो पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर डोमचांच थाना क्षेत्र के कुसाहन जंगल से एक झोपड़ी नुमा घर से चोरी की गई 22 मोटरसाइकिलों को बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम डोमचांच थाना क्षेत्र के बेहराडीह निवासी रोहित कुमार स्वर्णकार, बगरीडीह निवासी मौला अंसारी तथा नावाडीह निवासी प्रकाश मेहता हैं।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने मरकच्चो थाना में प्रेस वार्ता कर बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त मिली थी कि कुछ वाहन चोर जिला में भ्रमणशील हैं। इसके बाद गिरफ्तारी के लिए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी क्रम में दो बाइक सवार लोगों को मरकच्चो थाना क्षेत्र से चेकिंग के दौरान पकड़ा और उनकी मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया।

# 23 फरवरी को होगी राजद विधायक दल की बैठक, कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**रांची ।** प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के विधायक दल की बैठक 23 फरवरी को होगी। यह बैठक हरमू बाईपास रोड स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शाम चार बजे से होगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि राजद विधायक दल की अध्यक्षता राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में राज्य सरकार के कामकाज, राज्य में संगठन के विस्तार और इसकी मजबूती समेत अन्य? कई मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय कुमार सिंह यादव, मंत्री संजय प्रसाद यादव और विधायक नरेश सिंह समेत पार्टी के अन्य वरीय नेता उपस्थित रहेंगे।

# नहीं रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबुल गुप्ता

**गिरिडीह ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबुल गुप्ता का निधन हो गया है। करीब 80 वर्ष की उम्र में बाबुल गुप्ता ने आज बुधवार को अपने बरवाडीह स्थित निवास स्थान पर अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ वर्षों से बीमार चल रहे थे। बाबुल गुप्ता जनसंघ काल से ही पार्टी से जुड़े हुए थे। ज़ब गिरिडीह में भाजपा का संगठन उतना मजबूत नहीं था, उन्होंने तब भी भाजपा का झंडा उठाया और काफी चर्चित नेता रहे। उनके निधन की खबर फैलते ही मध्यदेशीय वैश्य समाज में शोक की लहर दौड़ गई। समाज के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। समाज के प्रदेश मंत्री रिंकेश कुमार ने बताया कि स्व बाबुल गुप्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता होने के साथ ही मध्यदेशीय वैश्य समाज के गिरिडीह के अध्यक्ष के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके थे। बताया कि आज का दिन समाज के लिए काफी शोक का दिन रहा। आज बाबुल गुप्ता के निधन से कुछ ही देर पहले समाज के जिलाध्यक्ष सुजीत गुप्ता के पिता केदार गुप्ता जी का भी निधन हो गया था।

# भूमि राजस्व का लगेगा विशेष शिविर

**रानीश्वर (दुमका) ।** अंचल कार्यालय में शुक्रवार भूमि राजस्व को लेकर विशेष शिविर आयोजित होगी ।शिविर में जमीन की दाखिल खारिज , ऑनलाइन म्यूटेशन ,लगान वसूली को लेकर सुनवाई होगी ।अंचल अधिकारी संदा नुसरत ने बताया है कि रानीश्वर अंचल के 30 फीसद रैयत विगत 12 साल से जमीन की लगन जमा करने से बंचित हैं ।यहां के रैयत एम आर ओ के द्वारा रिसेटलमेंट जमीन , अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा बंदोबस्त जमीन एवं जमींदार के द्वारा पट्टा बंदोबस्त जमीन का अंचल कार्यालय मे ऑनलाइन प्रविष्ठ नहीं हुआ हैं ।जिसके कारण उन रैयतों को सरकारी लाभ नहीं मिल रहा है । सीओ ने बतायी है कि जमीन की ऑनलाइन प्रविष्ठ नहीं होने के कारण सरकारी लाभ से बंचित रैयतों के जमीन की ऑफलाइन लगान जमा किया जायेगा ।

# लकड़ा पहाड़ी गांव के दर्जनों युवाओं ने लगाई त्रिवेणी संगम तट पर आस्था की डुबकी

**जामा ।** प्रखंड अंतर्गत लकड़ा पहाड़ी गांव के दर्जनों युवाओं ने मंगलवार को प्रयागराज त्रिवेणी संगम तट पर आस्था की डुबकी लगायी। सभी युवकों ने तीर्थ यात्रा ट्रेन से की और पवित्र स्थल त्रिवेणी में डुबकी लगायी। श्रद्धालु शिवेंद्र जायसवाल ने बताया कि हमसभी युवा दुमका से ट्रेन पकड़ कर पटना पहुंचे, फिर स्पेशल ट्रेन में पटना से प्रयागराज स्टेशन पहुंचे। वहीं सभी ने त्रिवेणी संगम तट पर स्नान किया और मां गंगा का पूजन किया। पहली बार संगम में डुबकी लगाकर हीरालाल ने बताया कि हमलोग दादा दादी से सुनते आए हैं कि प्रयागराज में कुंभ का मेला लगता है। अब जाकर सपना साकार हुआ स्वयं जाकर तीर्थराज का दर्शन कर आए। वहीं दीपक गुप्ता ने बताया कि हमलोग सभी ने संगम तट पर स्नान किया। मन काफी पवित्र और आनंदित हुआ। इस मौके पर रूपेश गुप्ता,अमित राज,अनील कुमार, मुरारी कुमार,सत्यम कुमार,अमोद कुमार,अमन कुमार, गोपाल कुमार, सहित दर्जनों युवाओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

# चुट्टूपालू घाटी की स्ट्रीट लाइटों को किया गया ठीक

**रामगढ़ ।** रामगढ़-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के कई ब्लैक स्पॉट पर सड़क का विस्तार किया जा रहा है। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार के निर्देश के बाद अधिकारियों ने चुट्टूपालू घाटी को रोशन कर दिया है। यहां लगाए गए सभी स्ट्रीट लाइट को मरम्मत कर ठीक कर दिया गया है। अब घाटी में पर्याप्त रोशनी हो गई है। इस रोशनी से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की संभावना है। रामगढ़ चुटुपालू घाटी में सड़क के बीचों-बीच लगी स्ट्रीट लाइट्स खराब होने के कारण यह क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता था। इस मामले को गंभीरता से रामगढ़ जिले के दिशा की बैठक में उठाया गया और संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई गई। नतीजा है कि 350 खराब स्ट्रीट लाइट्स को सुदृढ़ कर सुचारू कर दिया गया है। इसके अलावा मुख्य एक्सीडेंटल जोन में ट्रांसवर्स बार मार्किंग, रोड मार्किंग, सोलर स्टड्स लगाने का का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

# जंगल मे छिपाये गए भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद



संवाददाता

**गिरिडीह ।** गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ 154 बटालियन ने नक्सलियों द्वारा जंगल मे छिपा कर रखे गए भारी मात्रा विस्फोटक बरामद की हैं। सीआरपीएफ और जिला पुलिस की टीम ने जिले के खुखरा थाना क्षेत्र के गार्दी और मर्मी गांव के समीप स्थित जंगल से यह बरामदगी की है। इस दौरान टीम ने चार बंडल कोडेक्स वायर, पांच पीस डेटोनेटर, 20 किलो विस्फोटक पाउडर, डेढ़ किलो नेल आयरन, 111 पीस जिलेटिन, हेक्सा ब्लेड, सैंटोक्स (200 लीटर) बरामद किया है। यह जानकारी सीआरपीएफ 154 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी और एएसपी अभियान सुरजीत कुमार ने दी। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 154 बटालियन के कमांडेंट और एसपी गिरिडीह डॉ बिमल कुमार को सूचना मिली थी कि नक्सली साहेबराम मांझी और पवन लंगड़ा उर्फ पवन मांझी का दस्ता गार्दी और मर्मी के इलाके में देखा गया है। इस सूचना पर एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम में द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी, एएसपी ऑपरेशन सुरजीत, सहायक कमांडेंट विजय सिंह मीना, इंस्पेक्टर ओमप्रकाश वर्मा, बलवंत सिंह के साथ सीआरपीएफ व पुलिस के जवान शामिल थे। बताया कि टीम ने पूरे जंगल की तलाशी ली। कई घंटों तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान पुलिस और सीआरपीएफ के पहुंचने की भनक लगते ही सभी नक्सली जंगल से भाग निकले। लेकिन इस सर्च ऑपरेशन के दौरान टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी।

## इंडियन पेट्रोल पंप में वेल्डिंग का काम कर रहे युवक करंट लगने से मौत



**बरहरवा।** बुधवार को रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहरवा-दिघी मुख्य मार्ग में स्थित इंडियन ऑयल के शेड वेल्डिंग का कार्य कर रहे युवक को करंट लगने से मौत हो गई,मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा थाना क्षेत्र के हरिजन टोला निवासी इमाम अंसारी पिता - मो.सलीम अंसारी ग्रिल दुकान में वेल्डिंग का काम करता था,इसी क्रम में इंडियन ऑयल में बने शेड के ऊपर चढ़कर इलेक्ट्रिक वेल्डिंग का काम दोपहर के समय कर रहा था,वेल्डिंग करने के दौरान करंट से झटका लगा और लगभग 20 फिट नीचे जमीन में मूर्छित होकर गिर पड़ा, लोगों का कहना है नीचे गिरने के कारण वो जख्मी भी चुका था आनन फानन में उसे बरहरवा अस्पताल ले जाया जा रहा था,उसी दौरान रेल फाटक बंद होने के कारण अधिक देर हो जाने के कारण अस्पताल पहुँचने में भी देरी हुई ,बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचने के बाद वहाँ चिकित्सक डॉ अभय चौधरी ने उसे मृत घोषित कर दिया।इधर घटना की जानकारी मिलते ही रांगा थाना पुलिस ,बरहरवा पुलिस निरीक्षक सुधीर कुमार पोद्दार मौके पर पहुँच कर घटना की जानकारी लेते हुए छानबीन में जुट गए,मामले को लेकर रांगा थाना पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर जाँच कर रही है।

## कुएं में गिरकर मजदूर की मौत

**चित्तरंजन।** पश्चिम बंगाल के रूपनारायणपुर थाना क्षेत्र के आमडंगा मोड़ पर एक मजदूर की कुएं में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान झारखंड के जामताड़ा जिले के फतेहपुर निवासी संजीत मिर्धा के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, संजीत मिर्धा आमडंगा मोड़ पर पाइपलाइन बिछाने के कार्य में लगा हुआ था। बुधवार शाम करीब 5 बजे स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही रूपनारायणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी के अनुसार, संजीत को कम रोशनी में देखने में दिक्कत होती थी और वह शराब का आदी था। अक्सर नशे में रहने के कारण उसका व्यवहार असामान्य रहता था। बताया जा रहा है कि वह बीती रात से घर भी नहीं लौटा था। फिलहाल, पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि यह हादसा नशे की हालत में कुएं में गिरने से हुआ या फिर इसके पीछे कोई साजिश है। पुलिस ने मृतक के परिवार को सूचना देकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जेएलकेएम की बैठक में पंचायत कमेटी के गठन पर चर्चा



**हिरणपुर(पाकुड़)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा जेएलकेएम पार्टी की जिले के हिरणपुर प्रखंड के केंदुआ पंचायत में बुधवार को पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य रूप से लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मार्क बास्की शामिल हुए।आयोजित बैठक की अध्यक्षता पीटर किस्कू ने किया बैठक में क्षेत्र की समस्या और समाधान पंचायत कमेटी का गठन तथा संगठन मजबूती को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई पूर्व प्रत्याशी मार्क बास्की ने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है ग्रामीण मूलभूत समस्याओं से परेशान है। इसके लेकर सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा ग्रामीणों की समस्याओ को एकजुट होकर काम करना होगा। ग्रामीणों की समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखना होगा। अधिकारियों से मिलकर समस्याओं का समाधान करना होगा।बैठक में पंचायत कमेटी के गठन को लेकर गहन चर्चा हुई, पंचायत कमेटी के गठन को संगठन की मजबूती के लिए अहम बताया गया।इस अवसर पर संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया गया कार्यकर्ताओं में अपने-अपने स्तर से संगठन मजबूती के लिए काम करने का संकल्प लिया। बैठक में उप मुखिया चूड़का मुर्मू,प्रेम प्रकाश सोरेन,राजू राय आदि मौजूद थे।

## करंट लगने से एक महिला मूर्छित

**साहिबगंज** गुरुवार को जिले के जीरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा लोहंडा गांव में बिजली के करंट लगने से एक महिला मूर्छित हो गई।वही मूर्छित महिला को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।मामले में मिली जानकारी के अनुसार बड़ा लोहंडा गांव निवासी महिला बुधराय टुडू की पत्नी संजी मुर्मू( 35 ) है। परिजनों ने बताया कि घर मे पानी चलाने के मोटर चालू करने के दौरान करंट लगी है। वही डॉक्टर ने बताया कि महिला को जोर का झटका लगा है। हालांकि महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रही है 7

## शिवपुराण कथा का आयोजन



**साहेबगंज।** नगर के पुरानी साहेबगंज स्थित गंगेश्वर नाथ धाम घाट के ओझा टोली में शिवपुराण कथा का शुभारंभ किया गया जिसको लेकर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने शिवपुराण कथा शुभारंभ किया इस अवसर पर कथावाचक धनंजय वैष्णव महाराज ने श्री यादव कों माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया इस दौरान बजरंगी प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में सनातन संस्कृति के विषय में लोगो कों बताया और उनसे आग्रह किया कि धर्म के काम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने कि आगरा किया साथ ही कथा वाचक वैष्णव महाराज ने कथा कि दरमियान लोगो कों सत्य कि राह पर चलने कि ज्ञान देते हुऐ कई कहानिया सुनाई और लोगो से कहा कि चाहे जितनी भी डगर में कठिनाईया मिले मनुष्य कों सत्य कि राह पर रहना चाहिय माता-पिता से कर्म मिलता है.गुरु से ज्ञान मिलता है. आगे बताएं की औलाद काबिल हुई तो खुद कमा लेंगे और नालायक हुई तो आपकी बना बनाया सब जाया करेंगे जिन खेतों में बारिश नहीं होती वहां की फैसले खराब हो जाती है और जिन घरों में धर्म संस्कार नहीं होते वहां की नस्ले खराब हो जाती है हमारे जीवन में सात (सुख) होते हैं अगर यह सातों सुख आपके पास है ना तो हम ठंडे हैं.पहला (सुख) निरोगी काया दूजा( सुख )घर में माया तीसरा (सुख) कुलवंती नारी चौथा( सुख) पुत्र हुआ आज्ञाकारी,पांचवा( सुख) सदैव,मैंवास छटा (सुख) राजहोपाषा,सातवां (सुख )संतोषी जीवन ऐसा हो तो ठंडा हो जीवन 7 जिसको लेकर शुभारंभ किया गया वहीं मौके पर महेंद्र नाथ ओझा ,त्रिलोकी नाथ ओझा ,श्रीकांत ओझा ,जय प्रकाश ओझा ,सन्नी चौधरी ,कौशल किशोर ओझा ,देवकुमार ओझा ,पवन ओझा ,निर्भय ओझा ,लालजी यादव ,राजीव ओझा ,राजेश ओझा व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे ।

# मुखिया सम्मेलन में शिक्षा व नेतृत्व पर हुआ विचार-विमर्श



**संवाददाता**

**साहिबगंज।** सिद्धो कान्हो सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष एवं विभिन्न पंचायतों के मुखिया गण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।सम्मेलन में जिले के 163 पंचायतों के मुखिया,सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारीबीआरपी,सीआरपी,सहित अनेक शिक्षा प्रेमी शामिल हुए।कार्यक्रम में शिक्षा के विभिन्न पहलुओं,विद्यालयों में मुखिया की भूमिका,प्रशासनिक सुधार एवं शैक्षिक उन्नति पर गंभीर चर्चा की गई।डीईओ दुर्गानंद झा ने कहा कि किसी भी विद्यालय के शैक्षणिक विकास एवं उसे एक आदर्श संस्थान के रूप में स्थापित करने में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों,अभिभावकों तथा स्थानीय प्राधिकार के रूप में कार्यरत मुखिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।उन्होंने कहा,÷बच्चे हमारे देश की निधि हैं।वे राष्ट्र के भावी कर्णधार हैं।शिक्षा में किया गया निवेश भविष्य में दूरगामी प्रभाव डालता है। इसलिए मुखिया को शिक्षा व्यवस्था में भागीदारी निभाने के लिए आगे आना चाहिए।÷वहीं डीएसई कुमार हर्ष ने कहा कि यदि मुखिया विद्यालयों में सक्रिय भूमिका निभाएं तो शैक्षिक उन्नति संभव है।अपने क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले मुखिया को स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया बीईईओ रॉबिन चंद्र मंडल ने अपने संबोधन में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के विषय पर चर्चा की।

## अंडर-23 क्रिकेट टीम रांची रवाना



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-23 टूर्नामेंट 20 फरवरी से 1 मार्च के लिए साहिबगंज ज़िला की 15 सदस्यीय टीम रांची रवाना हो गई। जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने बताया कि साहिबगंज की टीम का बोकारो, गिरिडीह, देवघर, लातेहार, चतरा के साथ मैच होगा। वहीं रांची में आखरी मैच एक मार्च को साहिबगंज का मुकाबला देवघर की टीम के साथ होगा। चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा व जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामना देकर वनांचल एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना किया। मौके पर ज़िला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सुरेश साह, आफताब आलम, सतीश सिन्हा, मो अशफाक आलम, अमित तिवारी, राकेश गुप्ता, प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा, राकेश रोशन, सागर सुमन, सानू, सहित अन्य मौजूद थे।

## अवैध शराब किया बरामद

**बरहरवा ।** मुम्बई एक्सप्रेस ट्रेन से आरपीएफ ने किया अवैध शराब बरामद किया है, गुप्त सूचना मिली कि ट्रेन नंबर-15648 (मुंबई ख्क्ष्ज्ञ एक्सप्रेस ) के पीछे वाले जनरल कंपार्टमेंट में शराब जा रहा है। सूचना के आधार पर , जब ट्रेन बरहरवा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 03 पर समय लगभग 05.08 बजे आई तो आरपीएफ इंस्पेक्टर बरहड़वा संजीव कुमार के नेतृत्व में ,सीपीडीएस टीम मालदा एएसआई आदित्य कुमार ठाकुर ,कांस्टेबल अनिल कुमार दास , कांस्टेबल कुमार प्रियंकर , आरपीएफ टीम बरहड़वा एएसआई सुरेश पासवान, हेड कांस्टेबल संजय कुमार और सीआईबी एएसआई आर. एस.यादव , एएसआई डी.के.राय के साथ मिलकर पीछे के जनरल कंपार्टमेंट को सावधानीपूर्वक सर्च किया गया तो कोच के बाथरूम के पास एक व्यक्ति को एक पिट्ठू बैग और एक झोला के साथ खड़ा पाया। संदेह होने पर उससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सन्नी कुमार,उम्र -18 साल, पिता -संतोष राय ,ग्राम -छेदी सिंह टोला,थाना -अथमलगोला, जिला -पटना, (बिहार) बताया। बैग और झोले में किया है ,बारे में पूछताछ करने पर वह घबड़ा गया और कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया। संदेह होने पर पिट्ठू बैग और झोले को चेक किया गया तो पिट्ठू बैग में रॉयल स्टैग की बोतल और झोले में केन बीयर दिखा। जिसका मौके पर कोई अधिकृत दस्तावेज नहीं दिखा पाया । उसके बाद उक्त व्यक्ति और दोनों बैग को ट्रेन से नीचे प्लेटफार्म नंबर 3 पर उतारा गया और बैग और झोले को चेक करने कुल 45 पीस बड़वाइजर केन बीयर ,07 बोतल रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की का और 03 बोतल रॉयल स्टैग बैरल सलेक्ट व्हिस्की की मिली।उपरोक्त सभी फॉरेन लिकर को मौके पर जब्त किया गया और व्यक्ति को गिरफ्तार कर आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया। उपरोक्त जब्त किए गए फॉरेन लिकर की कुल कीमत 14,670 रुपए है। इस सम्बन्ध में एक्साइज इंस्पेक्टर साहिबगंज को सूचित किया गया।

## सीढ़ी से गिरकर एक किशोर गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज ।** गुरुवार को जिले के बोरियो प्रखंड अंतर्गत ग्राम निरापाड़ा में सीढ़ी से गिरजाने के कारण एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया।वही घायल किशोर को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल किशोर चुन्नू मड़ैया का पुत्र आकाश मड़ैया( 12 ) है। घायल किशोर के पिता ने बताया कि घर मे ही सीढ़ी से उतरने के दौरान गिर गया है। इसमे किशोर के छाती व पेट मे गंभीर चोट लगी है। वही डॉक्टर ने बताया कि किशोर को अंदरूनी चोट लगी है। हालांकि इसका इलाज चल रहा है।

## रेलवे ट्रैक पर अज्ञात महिला का शव मिला

**मिहिजाम।** चित्तरंजन और रूपनारायणपुर रेलवे स्टेशन के बीच स्थित कांगोई फाटक के पास बुधवार सुबह एक अज्ञात महिला का निर्वस्त्र शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। महिला के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे किसी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। घटना 19 फरवरी सुबह करीब 10=30 बजे की है, जब लोकल ट्रेन के चालक ने अप ट्रैक पर, आसनसोल से दिल्ली जाने वाली लाइन पर शव पड़ा देखा और तुरंत इसकी सूचना चित्तरंजन स्टेशन आरपीएफ पोस्ट को दी। सूचना मिलते ही सीतारामपुर आरपीएफ, मिहिजाम थाना पुलिस और डोम टीम मौके पर पहुंची और शव को ट्रैक से हटाकर पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा जिला अस्पताल भेज दिया गया। घटनास्थल पर लाल-पीली साड़ी, लाल ब्लाउज और एक धूप की डिब्बी बरामद हुई, लेकिन कोई पहचान पत्र या मोबाइल नहीं मिलने के कारण महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव 227 और 229 नंबर खंभों के बीच पाया गया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और महिला की पहचान के प्रयास जारी हैं। इस घटना ने स्थानीय लोगों के बीच चिंता बढ़ा दी है और पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की पड़ताल कर रही है।

## पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेवारी को ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा संगठन को मजबूत करूंगा : धर्मवीर



संथाल एक्सप्रेस बरहरवा =- झारखंड मुक्ति मोर्चा के नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर व नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने बुधवार को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा के आवास में उनकी मां शांति सरोजनी मुर्मू से औपचारिक मुलाकात किया. साथ ही उन्हें पुष्प गुच्छ प्रदान किया. नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर तथा नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो ने कहा कि पार्टी ने जिस उपदेश से एक बार पुनः हम लोगों को प्रखंड कमेटी तथा नगर कमेटी में अध्यक्ष के रूप में जगह दी है. हम लोग पार्टी के उपदेश पर खड़ा उतरेंगे तथा पार्टी हित में क्षेत्र में कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को पार्टी में जोड़ने का काम करेंगे. !

## घरेलू विवाद में चाकू बाजी महिला घायल

साहिबगंज बुधवार को जिले के तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरीगली निवासी महिला के साथ घरेलू विवाद में चाकू से हमला हो गया चाकू लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई घायल महिला के परिजनों ने इलाज के लिए फौरन सदर अस्पताल में भर्ती कराया।मामले में मिली जानकारी के अनुसार तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरीगली निवासी महिला चांदनी उरांव को बुधवार को उसकी ही गोतनी ने पारिवारिक विवाद को लेकर गुस्से में आकर चाकू से उसके शरीर पर कई जगह वार कर दिया जिससे चांदनी गंभीर रूप से घायल हो गई।जिसके बाद परिजन उसे आनन -फानन में इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आए जहां मौजूद चिकित्सक ने फौरन इलाज प्रारंभ किया. हालांकि इस मामले को लेकर परिजनों का कहना है कि वे लोग इस मारपीट की घटना को लेकर कोई केस नहीं करेंगे फिलहाल महिला का इलाज डॉक्टर के देखरेख में सदर अस्पताल में जारी है 7

## जिला स्थापना समिति व अनुकम्पा समिति की बैठक में 14 मामलों पर हुआ विचार



**साहिबगंज।** उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकंपा समिति की बैठक की गई।बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 14 मामलों को रखा गया।बैठक में डीसी ने प्राप्त सभी आवेदनों को एक-एक कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। कागजात में कमी पाए जाने वाले आवेदकों को अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया।विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों का पदस्थापन,स्थानांतरण नहीं किया गया है।वैसे लिपिक संवर्ग के कर्मियों के आवश्यकता को देखते हुए नियमानुसार पदस्थापन, स्थानांतरण,प्रतिनियुक्ति शीघ्र करने का निर्देश दिया।बैठक में डीडीसी सतीश चंद्रा,अपर समाहर्ता गौतम भगत,जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा,डीएसई कुमार हर्ष,डीईओ दुर्गानंद झा समेत अन्य उपस्थित थे।

## नशाखुरानी गिरोह का शिकार हुई महिला

साहिबगंज ट्रेन में नशाखुरानी का गिरोह सक्रिय है.आए दिन रेल यात्रियों को अपना शिकार बना लेते हैं.और हाथ साफ करके चले जाते हैं. जहां ताजा मामला साहिबगंज जिले के पीरपैंती बाजार निवासी महिला कुसमी खातून को नशाखुरानी गिरोह ने अपना शिकार बनाया बताया जा रहा है कि पीरपैंती बाजार निवासी महिला कुसमी खातून फिरोजाबाद से वापस अपने घर लौटने के दौरान ट्रेन में नशाखुरानी गिरोह की शिकार हो गई और बेहोश हो गई. जहां बुधवार को साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ जवान ने उसे बेहोशी हालत में उतारकर बेहतर के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया मामले की जानकारी परिजनों को दी गई उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद महिला के परिजन सदर अस्पताल और बेहोश हुई महिला की स्थिति गंभीर होने पर परिजनों ने उसे हायर सेंटर ले गए 7

## पेड़ से लटकता हुआ मिला अधेड़ व्यक्ति का मृत शरीर,

**नाला( जामताड़ा) ।** बुधवार को नाला थाना क्षेत्र के घोलजोड़ गांव स्थित एक पेड़ में फंदे से लटकता हुआ एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक व्यक्ति की पहचान घोलजोड़ गांव के ही कालीपद मिर्धा( 54 ) के रूप में हुई है।इस संबंध में मृतक की पत्नी मधुमाला मिर्धा ने नाला थाना में आवेदन दिया है।आवेदन में कहा है कि उसका पति कालीपद मिर्धा बुधवार को सुबह करीब चार बजे शौच के लिए बाहर निकले थे, जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद गांव के सामने स्थित पेड़ में फंदा से लटकता हुआ उनका शव मिला।पत्नी मधुमाला मिर्धा का कहना है कि मृतक कालीपद मिर्धा का दिमागी हालत ठीक नहीं था,जिसके लिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया होगा।इसको लेकर किसी के ऊपर कोई आरोप नहीं है।इस संबंध में नाला थाना में यूडी कांड संख्या 1/25 दर्ज किया गया है।

## किसानों के बीच हुआ मधुमक्खी पालन यंत्रों का वितरण



**साहिबगंज।** उद्यान विकास योजना के तहत जिला के उधवा प्रखंड के मध्य पियारपुर पंचायत में बुधवार को 26 किसानों के बीच मधुमक्खी पालन बक्सा एवं मधु निकासी यंत्र का वितरण किया गया।कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया रेशमा बीवी,जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन एवं सहायक मिट्टी रसायनज्ञ अभिजीत शर्मा ने संयुक्त रूप से वितरण किया।जिला उद्यान पदाधिकारी ने बताया कि मधुमक्खी पालन लघु एवं सीमांत किसानों के लिए आय का अच्छा साधन है।यह कम लागत वाला घरेलू उद्योग है और पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाता है।उन्होंने कहा कि चयनित पंचायतों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दिया जाएगा।भविष्य में बड़े पैमाने पर उत्पादन होने पर किसानों के समूह को सहकारिता के तहत पंजीकरण कराकर उनके उत्पादों की ब्रांडिंग और विपणन किया जाएगा। मौके पर उद्यान विभाग के अधिकारी प्रेम पासवान, कुद्दुस शेख सहित लाभार्थी किसान एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड मजदूर संघ अपनी मांगों को लेकर दिया धरना



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**-जिले के भूमिहीन मजदुरों को जमीन दिलाने सहित अन्य मांगों को लेकर झारखंड मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव के अध्यक्षता में साहिबगंज समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया।धरना को संबोधित करते हुए मजदूर संघ के केंद्रीय महामंत्री राज कुमार यादव ने कहा कि साहिबगंज जिले के सभी प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी की समस्या भूमिहीन श्रमिकों की समस्या एक गंभीर है।उन्होंने कहा कि उधवा अंचल क्षेत्र के अंतर्गत सूतियार पाड़ा मौजा में सरकारी जमीन में तीन पीढ़ियां से निवास करते आ रहे हैं सभी को बंदोबस्ती देकर प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया जाए।उन्होंने कहा कि पत्थर उधोग क्षेत्र में न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के पूर्ण रुप से लागू किया जाए।श्री यादव ने कहा कि बंद पड़े गंगा पंप नहर योजना के कार्य को चालू किया जाए।केंद्रीय महामंत्री ने राजकुमार यादव ने कहा कि साहिबगंज बंदरगाह,जलमार्ग अभिलंब चालु कराया जाए ताकि मजदूरों को रोजगार मिल सके,और उनलोगों का पलायन रुक सके।धरना में केंद्रीय महामंत्री रामकुमार यादव,केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी,जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव,मनोज सोरेन.दिव्या हसदा,रोशन मुर्मू,जीवन घोष,चंचल यादव,मोहम्मद जावेद अख्तर,मोहम्मद मुजजम अली,सुदर्शन घोष,सल्तनत देवी,सुंदरी बेवा,अर्चना देवी,प्रतिमा देवी,जोबा देवी,चमोली देवी,टोपी देवी,बिजली देवी,खुशियां देवी, गायत्री बेवा,पार्वती बेवा,जिया बल हक,मोहम्मद नियाज सहित दर्जनों मजदूर मौजूद थे।

## रोजगार मेला का आयोजन, जेएसएलपीएस के माध्यम से सशक्त हो रही है महिलाएंः मो मारूफ




**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज**साहिबगंज गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत राजमहल प्रखंड परिसर में जेएसएलपीएस के रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमें राजमहल प्रखंड क्षेत्र से सखी मंडल की महिलाएं शामिल हुई. कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, सीओ मो यूसुफ, जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक शेख, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. महिला एवं अभ्यर्थियों को रोजगार मेला के माध्यम से चयनित कर उन्हें प्रशिक्षित करते हुए रोजगार के लिए प्लेसमेंट दिया जाता है इसे लेकर कई कंपनियों का प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए. विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से समूह में जुड़कर महिलाएं रोजगार का अवसर प्राप्त कर रहे हैं इससे महिलाएं सशक्त भी हो रही है. मातृशक्ति को मजबूत करने के लिए सरकार के माध्यम से योजनाएं संचालित की जा रही है महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा. अतिथियों को पौधा एवं अंग वस्त्र सहित पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया. पीएम जब स्किल राजेंद्र कुमार ने सभी को योजनाओं के लाभ से संबंधित जानकारियां दी. मौके पर राजेश कुमार राय सहित सखी मंडल की महिलाएं मौजूद थी।

## योजनाओं का 1.40 लाख करोड़ खर्च नहीं कर पाईं राज्य सरकारें

केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं में जो राशि आवंटित की गई थी, उस राशि को राज्य सरकारें खर्च नहीं कर पाईं। बड़े पैमाने पर बेरोजगारी के होते हुए भी सरकारी योजनाओं का धन बैंकों में जाम पड़ा रहा। प्रधानमंत्री आवास जल जीवन योजना, अमृत योजना, स्वच्छ भारत योजना तथा पोषण आहार के लिए आंगनबाड़ी पोषण योजना का पैसा राज्य सरकारें खर्च नहीं कर पाईं। केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं का पैसा खर्च नहीं हो पाना केंद्र और राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है। केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य सरकारों को भारी भरकम बजट आवंटित करती है। यह चिंता का विषय है। राज्यों को दी गई 1.40 लाख करोड़ रुपये की राशि राज्य सरकारें खर्च नहीं कर पाईं। यह प्रशासनिक उदासीनता, नीतिगत विफलता और संसाधनों के कुप्रबंधन का सबसे बड़ा उदाहरण है। अक्टूबर 2023 तक विभिन्न सरकारी योजनाओं में आवंटित बजट की राशि के यह आंकड़े बताते हैं कि केंद्र सरकार के बजट से मिली राशि का राज्यों द्वारा उपयोग नहीं किया गया। इसका असर गरीब और वंचित वर्गों पर पड़ता है, जो इन योजनाओं से लाभ पाने के हकदार थे। कई बार योजनाओं की स्वीकृति, टेंडर प्रक्रिया और कार्यान्वयन में देरी के कारण बजट की राशि खर्च नहीं हो पाती है। नौकरशाही की उदासीनता, भ्रष्टाचार, पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी से विकास योजनाओं का क्रियान्वय समय पर नहीं हो पता है और बजट की राशि लैप्स हो जाती है। जिससे योजनाएं महज कागजी बनकर रह जाती हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय की कमी से भी योजनाओं का काम सही तरीके से नहीं हो पाता है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को इसके लिए जिम्मेदारी तय करनी होगी। राज्यों को अधिकारियों को जिम्मेदार बनाना होगा। जो राज्य केंद्र द्वारा आवंटित बजट की राशि को खर्च नहीं कर पाते हैं उन राज्यों पर विशेष निगरानी की व्यवस्था शुरू करनी चाहिए। योजनाओं के फंड की रियल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जानी चाहिए। संबंधित अधिकारियों को योजनाओं की मंजूरी और कार्यान्वयन में आने वाली बाधाओं के लिए प्रशासनिक सुधार किए जाने चाहिए। जिला और ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए संसाधन बढ़ाना होगा। राज्य सरकारें केंद्र सरकार की योजनाओं का 1.40 लाख करोड़ रुपये की राशि खर्च नहीं कर पाई हैं। तो इसके पीछे कोई बड़ा कारण भी हो सकता है। कई बार यह भी देखने में आया है कि केंद्र एवं राज्य सरकार बजट आवंटित कर देती हैं, लेकिन ट्रेजरी बिल में संतुलन बनाए रखने के लिए राशि खर्च करने के लिए समय-समय पर प्रतिबंध भी लगाती हैं। जिसके कारण बजट में राशि होने के बाद भी विभाग को राशि खर्च करने के लिए ट्रेजरी से आवंटित नहीं होती है। यह मामला सरकारी धन को समय पर खर्च न करने और भ्रष्टाचार भर का मामला नहीं है। समाज के कमजोर वर्गों को इसका सबसे बड़ा नुकसान होता है, आवास, पानी, पोषण और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं की राशि खर्च नहीं हो पाई, यह एक तरह से गरीबों के साथ खिलवाड़ है। केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर इस समस्या का समाधान करें। सुनिश्चित करें, कोई भी योजना महज कागजों में सीमित न रह जाए। आम जनता को भी ध्यान रखना होगा बजट में उनके लिए जो राशि आवंटित की गई है उसका सही उपयोग हो रहा है या नहीं। जनता जब तक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होगी, तब तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी।

# अबोध बच्चियों की अस्मत से खेल रहे हैं शैतान तमाम कानून नाकाम



**मनोज कुमार अग्रवाल**

देश में छोटी छोटी मासूम बच्चियों के साथ दुराचार की वारदातों की झड़ी लगी है उससे पता चलता है कि हम एक सभ्य समाज के बीच नहीं वरन कामुक दुराचारी शैतानों के बीच जीवन काट रहे हैं। आप जानते हैं कि भारत में कहा जाता है कि %यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमन्ते तत्र देवताः% अर्थात जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं, परंतु आज वासना के भूखे, वहशी, दरिंदों द्वारा मासूम दूध पीती बच्चियों और नाबालिगों तक को अपनी हवस की शिकार बनाकर उनका जीवन नष्ट किया जा रहा है।एन सी आर बी के आंकड़े बताते हैं कि देश में हर दिन 86 रेप के मामले सामने आते हैं जिनमें करीब आधे छोटी अवयस्क बच्चियों के साथ घटित होते हैं।

केंद्र सरकार की एजेंसी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (ह्ष्टक्रक्च) के आंकड़े बताते हैं कि भारत में सालभर में महिलाओं के खिलाफ अपराध के चार लाख से ज्यादा अपराध दर्ज किए जाते हैं. इन अपराधों में सिर्फ रेप ही नहीं, बल्कि छेड़छाड़, दहेज हत्या, किडनैपिंग, ट्रैफिकिंग, एसिड अटैक जैसे अपराध भी शामिल हैं।

क्या यही महान देश है जहां रोजाना 86 लड़कियों महिलाओं के साथ दुष्कर्म की वारदातों को अंजाम दिया जाता है। आइए आप को पिछले एक पखवाड़े मे अखबारों में प्रकाशित छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म की वारदातों से अवगत कराने का प्रयास करते हैं ये ऐसी घिनौनी वारदात हैं जिन्हें जान कर इंसान का सिर झुका जाता है क्या ऐसे अपराधियों के बीच रहते हुए भी हम विश्वगुरु बनने का स्वप्न संजो रहे हैं।

आपको बता दें कि बीती 31 जनवरी को बलिया (उत्तर प्रदेश) में 3 नाबालिगों सहित 5 लोगों को एक 13 वर्षीय लड़की से बलात्कार करने और किसी को बताने पर गंभीर परिणामों की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

31 जनवरी को ही मांडया (कर्नाटक) के एक सरकारी स्कूल के शौचालय में 8 वर्ष की बच्ची के साथ 2 लोगों द्वारा बलात्कार करके उसे गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया।4 फरवरी को जयपुर की एक विशेष अदालत ने 11 वर्षीय नाबालिग लड़की से बलात्कार करने के आरोप में रूप सिंह बैरवा नामक व्यक्ति को आजीवन कैद और 50,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।6 फरवरी को कोलकाता में एक 14 वर्षीय नाबालिगा को घर छोड़ने के बहाने ले जाकर उससे बलात्कार करके हत्या कर देने के आरोप में %टोटो% नामक एक 22 वर्षीय ई-रिक्शा ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया।

6 फरवरी को ही जयपुर (राजस्थान) में एक 14 महीने की मासूम बच्ची से नशे की हालत में बलात्कार करने और अपनी घिनौनी हरकत का वीडियो बनाने के आरोप में उसके फूफा को गिरफ्तार किया गया। 6 फरवरी को ही अम्बाला (हरियाणा) में एडीशनल सैशन जज मनपाल रावत की अदालत ने एक 6 वर्षीय बच्ची को चाकलेट दिलाने के बहाने अपने साथ ले जाकर उससे बलात्कार करने के दोषी युवक को 20 वर्ष कैद के साथ 10,000 रुपए जुर्माना की सजा दी। 6 फरवरी को ही नूंह (हरियाणा) में पुलिस ने एक 14 वर्षीय किशोरी से बलात्कार करने के आरोप में 2 युवकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की।



6 फरवरी को ही कृष्णागिरि जिले (तमिलनाडु) के सरकारी सैकेंडरी स्कूल में 13 वर्षीय स्कूली छात्रा का स्कूल परिसर के अंदर 2 दिनों तक यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 3 शिक्षकों को गिरफ्तार किया गया।

7 फरवरी को इंदौर (मध्य प्रदेश) की विशेष अदालत ने एक 7 वर्षीय बच्ची से बलात्कार करने के दोषी %मंगल पवार% को फांसी की सजा सुनाई।

8 फरवरी को नासिक (महाराष्ट्र) के एक प्राइवेट स्कूल में एक 13 वर्षीय छात्रा से बलात्कार करने के आरोप में स्कूल के प्रिंसीपल तुकाराम गोविंद सावले और एक अध्यापक गोरखनाथ मारुति जोशी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अध्यापक छठी कक्षा की छात्रा को प्रिंसीपल के घर ले गया जहां दोनों ने उसके साथ बलात्कार किया। 8 फरवरी को ही छतरपुर (मध्य प्रदेश) में पुलिस ने एक 5 वर्षीय बच्ची से बलात्कार करने के आरोप में विनोद अहिरवार नामक युवक को गिरफ्तार किया।

8 फरवरी को ही राजगढ़ (मध्य प्रदेश) में बलात्कार का शिकार हुई मूक-बधिर नाबालिग लड़की ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 9 फरवरी को दिल्ली में एक 62 वर्षीय व्यक्ति को एक 16 वर्षीय नाबालिग से बलात्कार करके उसे गर्भवती करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।11 फरवरी को कोरापुट (ओडिशा) में ओपेरा शो देखने गई एक 14 वर्षीय किशोरी के साथ 4 युवकों ने बलात्कार कर डाला।

11 फरवरी को ही भोपाल में राहुल साहू नामक ड्राइवर को एक 15 वर्षीय लड़की से बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 11 फरवरी को ही अलवर (राजस्थान) के नौगांवा गांव में एक नाबालिग से बलात्कार करने और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में उसके भाई को गिरफ्तार किया गया।

12 फरवरी को केंद्रपाड़ा (ओडिशा) की अदालत ने 8 वर्षीय बच्ची से बलात्कार करने ने आरोप में एक अध्यापक को 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई।12 फरवरी को ही शिवपुरी (मध्य प्रदेश) में एक 7 वर्षीय बच्ची से बलात्कार करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया। 12 फरवरी को ही इटावा (उत्तर प्रदेश) में चाकलेट दिलाने के बहाने एक 7 वर्षीय बच्ची से अंकुर नामक युवक ने बलात्कार कर डाला।ये वारदातें तो महज बानगी यानि नमूना भर है हकीकत में स्थिति और भी बदतर है। हालांकि अदालतों ने दोषियों को सजा दी है, परंतु यह बुराई रुकने का नाम नहीं ले रही। अतः ऐसे आरोपों में संलिप्त होने वालों को विशेष अदालतों के जरिए तुरंत मृत्युदंड देने की जरूरत है ताकि देश को ऐसे लोगों से मुक्ति मिल सके।

नाबालिकों का संरक्षण करने के लिए पॉक्सो एक्ट बनाया गया. इस कानून को महिला और बाल विकास मंत्रालय ने साल 2012 पॉक्सो एक्ट-2012 के नाम से बनाया. इस कानून के तहत 12 साल से कम उम्र की बच्ची के साथ रेप के दोषी को फांसी की सजा का प्रावधन है. ये नहीं, पॉक्सो कानून बच्चों के खिलाफ अपराधों को जेंडर न्यूट्रल भी बनाता है. इसका सीधा मतलब ये है कि कानून बच्चियों के साथ-साथ लड़कों के खिलाफ हुए अपराध को भी देखता है.

ये कहना गलत नहीं होगा कि डिजिटल क्रांति ने हर शख्स के हाथ में अश्लील सामग्री की पहुंच आसान कर दी है. ये आसान पहुंच लोगों की मानसिकता पर प्रभाव डालता है जिस कारण इस तरह के मामलों में इजाफा हो रहा है. वहीं, कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति अपराधियों का हौसला और बुलंद कर देती है.भले ही देश में बलात्कार को लेकर कानून बने हो लेकिन सजा की प्रक्रिया बेहद जटिल है जिस कारण अपराधी को सजा मिलने में बहुत अधिक समय लग जाता है. रेप मामलों में आरोपी को जल्द से जल्द सजा मिली जानी चाहिए जिससे लोगों में डर पैदा हो नैतिक शिक्षा की कमी भी इसका एक मुख्य कारण मानी जा सकती है. आपको पता हो कि नैतिक शिक्षा का सीधा अर्थ होता है, वो व्यवहार जिससे सबकी रक्षा हो सके. ये शिक्षा बच्चों को छोटी उम्र से ही दी जानी चाहिए. नैतिक सिक्षा सही और गलत के बीच अंतर करने में मदद करता है इसलिए नैतिक शिक्षा जरूरी होती है. रेप मामलों के बढ़ने की और भी तमाम वजह हो सकती हैं. नशा, सोशल मीडिया, कानून का खौफ ना होना समेत और कई. परेशानी की बात ये है कि मामले दिन पर दिन बढ़ रहे हैं और देश की महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं. रेप मामलों पर लगाम लगाने के लिए कानून व्यवस्था का सख्त होना बेहद जरूरी है. लोगों में जब तक कानून का डर नहीं होगा तब तक इस तरह अपराध दर्ज होते रहेंगे.(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



## संताली को प्रथम राजभाषा का दर्जा की मांग को लेकर बैठक आयोजित



संताल एक्सप्रेस संवाददाता महेशपुर( पाकुड़ ) बुधवार को आदिवासी सेंगेल अभियान की संताल परगना प्रमंडल महासचिव मदन मुर्मू के अध्यक्षता में 21 फरवरी अंतर्राष्ट्रीय भाषा दिवस को झारखंड में संताली को प्रथम राजभाषा की दर्जा की मांग को लेकर एक बैठक किया गया ।आदिवासी सेंगेल अभियान के द्वारा आगामी 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा दिवस की उपलक्ष्य में संताली को झारखंड की प्रथम राजभाषा बनाया जाए। इसी को लेकर 21 फरवरी अंतर्राष्ट्रीय भाषा दिवस को उपायुक्त के मार्फत झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम ज्ञापन पत्र दिया जाएगा।जबकि झारखंडी आदिवासी भाषाओं में से सबसे बड़ी और अधिक संताली भाषा बोली जाने वाली भाषा है। यह आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में एक लंबी लड़ाई के प्रतिफल 22 दिसंबर 2003 में आठवीं अनुसूची में शामिल कर राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त है। बैठक में उपस्थित जिला सेंगेल छात्र मोर्चा अध्यक्ष रूबीलाल किस्कू, सुलेमान किस्कू प्रखंड परगना महेशपुर , सिकंदर हेंब्रम प्रखंड परगना अमड़ापाड़ा, रासका टुडू, श्यामलाल मुर्मू, जतन सोरेन, कुबराज मुर्मू, गंगाराम सोरेन समेत अन्य मौजूद थे।

## कमिश्नर ने अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

**संताल एक्सप्रेस**

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)संताल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल ने बुधवार को अमड़ापाड़ा अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंचलाधिकारी औसाफ अहमद खां से विभिन्न कार्यों की जानकारी ली और कर्मचारियों के साथ बैठक कर अब तक की प्रगति की समीक्षा की। आयुक्त ने अंचल में लंबित दाखिल-खारिज मामलों के शीघ्र निपटारे का निर्देश दिया। साथ ही, भूमि अतिक्रमण से जुड़े मामलों को भी उपायुक्त (डीसी) और अंचलाधिकारी (सीओ) के माध्यम से त्वरित हल करने को कहा। उन्होंने सर्टिफिकेट और नीलामपत्रवाद मामलों में तेजी लाने



की बात कही ताकि सरकार के राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी हो। आयुक्त ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार के लिए राजस्व संग्रहण महत्वपूर्ण विषय है। इसके लिए उपायुक्त, सीओ और नीलाम पत्र पदाधिकारियों को आपसी सामंजस्य बनाकर अधिक से अधिक राजस्व जुटाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंचल कार्यालय की व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखी जाएं ताकि आम जनता को दस्तावेज संबंधी कार्यों में कोई परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान किसी भी तरह की अनियमितता सामने नहीं आई। कोल परियोजना क्षेत्र में विस्थापितों को मिलने वाले मुआवजे और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर आयुक्त ने कहा कि जल्द ही डीसी, सीओ, कोल कंपनियों के अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ बैठक कर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। उन्होंने सीएसआर और आरएंडआर के तहत मिलने वाली सुविधाओं में पारदर्शिता बनाए रखने पर बल दिया। कार्यालय में 12 वर्षों से जमे कर्मियों के तबादले के सवाल पर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि यह उपायुक्त के अधिकार क्षेत्र में आता है और डीसी द्वारा इस पर निर्णय लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता सहित अंचल कार्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने धर्मगुरुओं के साथ की बैठक, फाइलेरिया को लेकर हुई चर्चा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** महेशपुर (पाकुड़ ) प्रखंड सभागार में बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने बुधवार को प्रखंड सभागार में सभी धर्मगुरुओं के साथ बैठक किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया की रोकथाम एवं बचाव को लेकर चर्चा किया गया ।बैठक में महेशपुर बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने पादरी , पंडित एवं इमाम के साथ फाइलेरिया बीमारी के बारे में सभी को जानकारी देते हुए कहा कि फाइलेरिया एक ऐसा रोग है जो मच्छर जनित परजीवी संक्रमण के कारण होता है। जीर्ण संक्रमण से हाथ-पैरों में सूजन, हाइड्रोसील और वृषण में सूजन हो सकती है।यह स्थायी विकृति का दूसरा सबसे बड़ा कारण है और दुनिया भर में कुष्ठ रोग के पीछे विकलांगता है। फाइलेरिया (हाथी पांव) का इलाज अब 48 दिन की दवा के बजाए एक दिन की दवा से ही हो जाएगा।इस लिए आप सभी धर्मगुरुओं ने आग्रह है की अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करे ।इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के कई पादरी ,पंडित एवं इमाम मौजूद थे।

## पांच सौ छात्रों के बीच किया गया साइकिल का वितरण

पाकुड़िया(पाकुड़) प्लस टू विद्यालय प्रांगण में बुधवार को दर्जनों छात्रों के बीच मेगा साईकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।जहां वीडियो सोमनाथ बनर्जी, थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह वह नेत्री पिंकी उपासना मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।सभी अतिथियों के हाथों बारी-बारी से साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में सभी वार्ताओं ने छात्र-छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। जानकारी के अनुसार कल्याण विभाग द्वारा उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत आठवीं की छात्र-छात्राओं के बीच पांच सौ से ज्यादा साईकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मौके बीईईओ मर्शिला सोरेन,उप प्रमुख अर्चना देवी,मुखिया अनीता सोरेन,पंचायत समिति सदस्य गायत्री देवी, हृदयानंद भगत, सांसद प्रतिनिधि खुर्शीद आलम, समिति सदस्य दीपक साहा, छोटू भगत, बीपीओ अल्फ्रेड मुर्मू, शिक्षक राहुल के अलावे अन्य मौजूद थे।

## रेलवे संपत्ति चोरी मामले में एक गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। रेलवे सुरक्षा बल के सब इंस्पेक्टर प्रभाकर कुमार चौधरी के नेतृत्व में आरपीएफ की टीम ने रेलवे संपत्ति की रंगे हाथ चोरी मामले पर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि राय (24 वर्ष) कैलाश नगर पाकुड़ निवासी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 18 फरवरी 2025 की देर रात करीब 11.45 बजे आरपीएफ को सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति रेलवे यार्ड में चोरी करने की कोशिश कर रहा है। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ सब इंस्पेक्टर प्रभाकर कुमार चौधरी ने बताया कि उक्त व्यक्ति रेलवे सामग्री को एक लाल और सफेद प्लास्टिक बोरी में भरकर ले जाने की कोशिश कर रहा था। सूचना मिलते ही सब-इंस्पेक्टर एस.एन. कुमार, एएसआई जितेंद्र कुमार साह, कांस्टेबल अजीत कुमार और दिनेश कुमार के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। टीम ने यार्ड क्षेत्र को चारों ओर से घेरकर आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। जब आरोपी की तलाशी ली गई, तो उसकी बोरी से रेलवे की लोहे की सामग्री बरामद हुई। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रवि राय बताया और चोरी की घटना को स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि वह एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखता है और मजदूरी करके अपना घर चलाता है, लेकिन इतनी आमदनी नहीं हो पाती जिससे परिवार का भरण-पोषण हो सके।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर बैठक आयोजित



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** हिरणपुर (पाकुड़ ) फाइलेरिया उन्मूलन एवं दवा का सेवन को प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को विभिन्न धर्म, सम्प्रदाय एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई।जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी ने किया।इस बैठक में जिप उपाध्यक्ष अशोक भगत, उपप्रमुख अब्दुल गनी मोमिन, बीडीओ दिलीप टुडू, सीओ मनोज कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.सुनील कुमार सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। आयोजित इस बैठक में हाथीपांव बीमारी की रोकथाम एवं सुनियोजित तरीके से लोगों को दवा का सेवन कराने को लेकर कार्ययोजना की जानकारी दी गई। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से फाइलेरिया के प्रसार एवं रोकथाम की जानकारी दी। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ ने उपस्थित प्रखंड के मंदिर के पुरोहित, पुजारी, ईमाम साहब, सिस्टर, फादर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को इस फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने की अपील की कहा कि सभी को एकजुट होकर हाथीपांव जैसी बीमारी से लड़ने के लिए संयुक्त रूप से पहल करनी होगी। मौके पर जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य कर्मी, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## डीसी ने की डीएलसीसी एवं डीसीसी की बैठक



**पाकुड़।** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय साख समिति की बैठक हुई। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, सुरक्षा बीमा योजना जीवन ज्योति योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रबंधकों को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ बैंक को भी सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन में लापरवाही नहीं बरतें निर्धारित लक्ष्य को समय पूरा करें। इसके अलावा डीसी ने क्रेडिट कार्ड की समीक्षा की। समीक्षा क्रम में विभिन्न बैंकों में लंबित केसीसी आवेदन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने डीडीएम नाबार्ड एवं एलडीएम को निर्देश दिया कि आपस में समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनो को निष्पादित करें। वार्षिक साख योजना समीक्षा के क्रम में बताया गया कि वितीय वर्ष 2024-25 का लक्ष्य 1200 करोड़ है। तृतीय तिमाही में 763 करोड़ प्राप्त किया गया है जो की प्रतिशत 63.59त्न है एवं सीडी रेशिओ 48.56त्न है। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का,भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार,भारतीय रिजर्व बैंक के प्रबन्धक, डीडीएम नाबार्ड प्रेम कुमार, एलडीएम धनेश्वर बेसरा, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

## पंचायत समिति की बैठक में 1 करोड़ 63 लाख रुपए की कार्य योजना की दी गई स्वीकृति

**संवाददाता संताल एक्सप्रेस**

**पाकुड़ ।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को प्रमुख चन्दना माल पहाड़िया की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पंचायत समिति विकास योजना के निर्माण हेतु पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पंचायत समिति को उपलब्ध राशि के बारे पृच्छा किये जाने पर पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक आनंद प्रकाश द्वारा सदन को बताया गया कि 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना निर्माण हेतु कुल 2,02,87,490 (दो करोड़ दो लाख सतासी हजार चार सौ नब्बे) रुपए अनुदान मद में प्राप्त होने वाले हैं जिसमे नियमानुसार आबद्ध एवं अनाबद्ध मद में योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जाना है।सदन द्वारा प्रशासनिक एवं आकस्मिक




योजनाओं हेतु राशि के कटौती के पश्चात कुल 1 करोड़ 63 लाख रुपए के कार्य योजना की स्वीकृति दी गई जिसे 28 फरवरी तक पोर्टल पर अपलोड कर फ्रीज करने का निदेश दिया गया।बैठक में स्वास्थ्य, आपूर्ति, शिक्षा,विद्यार्थियों की समस्या, आवास योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रत्येक बिंदु पर विस्तृत चर्चा करते हुए हर क्षेत्र में प्रत्येक विभाग की आम जनता की कितनी भागीदारी है और कितनी लाभ आम जनता को मिलनी चाहिए सबके महत्त्व को बताया गया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू , प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुकुमार ठाकुर,प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद के आनंद प्रकाश, उप प्रमुख हैदर अली के अलावे सभी समिति सदस्य एवं विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वनभोज कार्यक्रम में लिया गया कमेटी विस्तार की निर्णय

**हिरणपुर (पाकुड़ )** हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत घाघरजानि मैदान में जे एल के एम के प्रखण्ड अध्यक्ष लालमोहन पंडित के नेतृत्व में पंचायत स्तर तक के कार्यकर्ताओं का एक विशेष वन भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ज़िला अध्यक्ष हासन अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वनभोज कार्यक्रम के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा निर्णय लिया गया कि जल्द से जल्द एक सुदृढ़ हा और अच्छी कमेटी का विस्तार हो इसके लिए सभी का सामूहिक प्रयास जरूरी है। जिला अध्यक्ष ने कहा कार्यों के विस्तार हेतु सर्वप्रथम कमेटी की विस्तार करना आवश्यक है।जल्द से जल्द कमेटी का विस्तार कर लिया जाए।

## प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

हिरणपुर (पाकुड़ )शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में थाना क्षेत्र के नारायणडीह गांव से एक व्यक्ति को हिरणपुर पुलिस ने घर से गिरफ्तार किया है।जिसे बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार थाना कांड संख्या 71/24 में धारा 120बी/376, 313, 420, 506 भादवि के प्राथमिकी अभियुक्त स्टीफन मरांडी(29) को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान : अब तक 9 लाख से अधिक लोगों ने खाई दवा, 52.84प्रतिशत लक्ष्य हासिल

**• माइक्रोप्लान में गड़बड़ी पर सख्त निर्देश**



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 10 फरवरी 2025 से शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम में 18 फरवरी तक कुल 9,03,747 लोगों ने दवा का सेवन किया। यह संख्या जिले की कुल आबादी का 52.84त्न है। जिला स्वास्थ्य विभाग इस अभियान को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है और दवा खाने से इंकार करने वाले क्षेत्रों में विशेष दल भेजकर जागरूकता फैलाई जा रही है।

**घर-घर जाकर दी जा रही दवा**

सिविल सर्जन डॉ. जुगल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में जिला भीबीडी कार्यालय, देवघर में आयोजित संध्याकालीन समीक्षा बैठक में बताया गया कि दवा प्रशासक घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा खिला रहे हैं। अब तक 35 स्थानों पर लोगों ने दवा खाने से इंकार किया था, जहां उच्च स्तरीय दल भेजकर उन्हें प्रेरित किया जा रहा है।

**प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान**

जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार यादव ने बताया कि अब तक विभिन्न प्रखंडों में निम्नलिखित स्थानों पर दवा खाने से इंकार किया गया। जिसमें जसीडीह 5 जगह, मोहनपुर 1 जगह,सारवां 6 जगह,सारठ 3 जगह, मधुपुर 1 जगह,देवीपुर 13 जगह, देवघर शहरी क्षेत्र 6 जगह
दवा खाने से इंकार किया है। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग और डेवलपमेंट पार्टनर्स की मदद से जागरूकता बढ़ाई जा रही है और लोगों को दवा खाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**प्रतिकूल प्रभाव के 352 मामले दर्ज, घबराने की जरूरत नहीं**

एमडीए दवा सेवन के बाद 352 लोगों में हल्के प्रतिकूल प्रभाव एडवर्स ड्रग रिएक्शन देखने को मिले, जिनका तुरंत इलाज कर दिया गया। इनमें जसीडीह में 64, मोहनपुर में 65, सारवां में 33, सारठ में 27, पालोजोरी में 21, मधुपुर में 42, करौं में 34, देवीपुर में 40 और देवघर अर्बन में 26 मामले सामने आए। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि दवा का यह प्रभाव संकेत है कि माइक्रोफाइलेरिया पर असर हो रहा है और यह घबराने की बात नहीं है।

समीक्षा बैठक में पाया गया कि सीएचसी मोहनपुर, मधुपुर, पालोजोरी, जसीडीह, देवीपुर, सारठ और देवघर शहरी क्षेत्र में दीवार लेखन सही तरीके से नहीं किया गया है। इस पर सिविल सर्जन ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा, कुछ क्षेत्रों में माइक्रोप्लान की जानकारी पारिवारिक पंजी में दर्ज नहीं थी, जिसे 19 फरवरी तक अपडेट करने का सख्त निर्देश दिया गया।

# पालाजोरी में पुलिस पर हमला : सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला, एक गिरफ्तार, कई फरार

## 100-150 लोगों की भीड़ ने पुलिस पर किया हमला, मचा हड़कंप

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जिले के पालाजोरी थाना क्षेत्र में पुलिस पर हमले और सरकारी कार्य में बाधा डालने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना में पुलिस अधिकारी पर ईंट-पत्थरों से हमला किया गया, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना पालाजोरी थाना क्षेत्र में हुई, जहां पुलिस अधिकारी बसंत कच्छप 53 वर्ष अपने सरकारी कार्य का पालन कर रहे थे। इसी दौरान करीब



100-150 लोगों की भीड़ ने अचानक पुलिस दल पर हमला कर दिया। आरोपियों ने न केवल सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई, बल्कि पुलिस अधिकारियों पर ईंट-पत्थरों से हमला भी कर दिया। इस अप्रत्याशित हमले से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने स्थिति को काबू में करने के लिए अतिरिक्त बल को बुलाया और इलाके में गश्त तेज कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में पांच नामजद आरोपियों के अलावा 100-150 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में पालोजोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनपुर डुमरिया निवासी गणेश मुर्मू (उम्र 33 वर्ष) पिता स्व. बाबूराम मुर्मू,दुबिया गांव निवासी रमेश मुर्मू 20 वर्ष पिता सुंदर मुर्मू,नवाडीह गांव निवासी हाकीम मरांडी 25 वर्ष पिता वकील मरांडी, तेलंगा गांव निवासी मधु मंडल 42 वर्ष पिता स्व. कामदेव मंडल,दुबिया गांव निवासी जयदेव हेम्ब्रम नामजद किया है। पुलिस ने इस मामले में तेजी दिखाते हुए गणेश मुर्मू को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा, पुलिस ने महिंद्रा ट्रैक्टर नं.जेएच15 टी-8646 को ट्रेलर सहित जब्त कर लिया है, जिसे घटनास्थल से बरामद किया गया। आशंका जताई जा रही है कि इस वाहन का इस्तेमाल उपद्रवियों ने हमले के दौरान किया होगा।

# देवघर में बिजली चोरी में सात आरोपियों पर केस दर्ज

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** झारखंड के देवघर जिले में बिजली चोरी का एक गंभीर मामला सामने आया है। कुण्डा थाना क्षेत्र में विद्युत ऊर्जा की चोरी करने के आरोप में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामला कुण्डा थाना कांड संख्या- 51/2025 के तहत भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 के अंतर्गत दर्ज किया गया है।

इस मामले में कास्टर टाउन के बिजली विभाग के कनीय अभियंता आर.पी. चौधरी (राजेन्द्र प्रसाद चौधरी) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोपियों में कुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत जागृति नगर के लक्ष्मी देवी पति स्व. अर्जुन रजक,बजरंगी कॉलोनी के पीछे, जागृति नगर निवासी कंचन कुमारी राय पति सत्यानारायण राय,जागृति नगर अपार्टमेंट के पीछे, निवासी दिलीप रॉय पिता स्व. कनीका प्रसाद रॉय, निवासी सिंह,सखुआ जंगल,ज्योति नगर निवासी रेखा मिश्रा पति अजय मिश्रा,मंजू देवी पति दामोदर वर्णवाल,ज्योति नगर निवासी अमित कुमार सिंह पिता स्व. उपेन्द्र सिंह,जनार्दन पोद्दार पिता जगदीश पोद्दार,इन सभी आरोपियों पर विद्युत ऊर्जा की अवैध चोरी करने का आरोप लगाया गया है। बिजली विभाग की ओर से की गई जांच में पाया गया कि ये लोग बिना किसी वैध कनेक्शन के बिजली का उपयोग कर रहे थे, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान हुआ।

## बिजली चोरी : तीन लोगों पर मामला दर्ज

**देवघर।** जिले में बिजली चोरी के खिलाफ बिजली विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। लगातार छापेमारी अभियान के तहत रिखिया थाना क्षेत्र के भुरभुरा मोड़ में बिजली चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सहायक विद्युत अभियंता लव कुमार पिता स्व. रामलाल महतो ने रिखिया थाना में शिकायत दर्ज कराई कि अजयकांत परिहस्त, शानु झा और ममता तिवारी अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपियों ने बिना वैध कनेक्शन के बिजली का उपयोग किया, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान हुआ। बिजली चोरी के इस मामले में रिखिया थाना में कांड संख्या 41/25 के तहत भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस में कुंभ यात्रियों के लिए नहीं खोला दरवाजा, मची अफरा तफरी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** मधुपुर रेलवे स्टेशन पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब 14049 अप गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर पहुंची, लेकिन अंदर सफर कर रहे यात्रियों ने दरवाजा नहीं खोला।इससे महाकुंभ जाने वाले यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ट्रेन में सफर करना इस समय बेहद मुश्किल हो गया है।हालात इतने खराब हैं कि न प्लेटफॉर्म पर खड़े होने की जगह मिल रही है, न ही ट्रेन में बैठने या खड़े रहने की। भीड़ इतनी ज्यादा है कि यात्री एक-दूसरे के ऊपर चढ़कर यात्रा करने को मजबूर हैं।

लेकिन अफसोस, कोई भी एक-दूसरे की परेशानी समझने को तैयार नहीं। गुस्सा इस कदर बढ़ रहा है कि यात्रियों ने ट्रेन के दरवाजे जबरदस्ती बंद कर लिए।इससे अन्य यात्रियों की परेशानी और ज्यादा बढ़ गई। इस अव्यवस्था के कारण



श्रद्धालुओं को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, रेलवे प्रशासन हर संभव मदद करने की कोशिश कर रहा है। स्टेशन प्रबंधक एसके पाठक, टीआई रवि शेखर, सीटीआई अमरदीप कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार सिंह, जीआरपीएस, लोकल पुलिस और रेलवे के कर्मचारी यात्रियों को राहत देने में जुटे हैं ।

# देवघर में दलितों पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन, सरकार को दी चेतावनी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के बैनर तले दलितों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ देवघर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन होगा। प्रदर्शनकारियों ने मधुपुर में शिक्षक संजय कुमार दास की बम मारकर नृशंस हत्या पर गहरा आक्रोश जताया। एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद अपराधियों की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ÷देवघर जिले में दलित समाज पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।÷ आजाद समाज पार्टी के



जिला अध्यक्ष क्रांतिकारी कृष्णा कुमार ने संजय कुमार दास की हत्या की सीबीआई जांच की मांग उठाई। साथ ही महिला जानकी देवी और कक्षा 9वीं के छात्र अभिषेक कुमार दास की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की भी पुरजोर मांग की। प्रदर्शनकारियों ने झारखंड में अनुसूचित जाति पर बढ़ते जुल्म, हत्या,बलात्कार,जमीन हड़पने और शोषण की घटनाओं को गिनाते हुए राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने मांग की कि झारखंड में जल्द से जल्द अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया जाए ताकि दलित समाज को न्याय मिल सके और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई हो।इस उग्र प्रदर्शन में भीम आर्मी प्रदेश संगठन प्रभारी राजेश कुमार दास, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार, आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष क्रांतिकारी कृष्णा कुमार,समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।प्रदर्शनकारियों ने सरकार और प्रशासन को सीधी चेतावनी दी कि ÷यदि हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो हम और बड़ा आंदोलन करेंगे।

## देवघर में 21 से 23 फरवरी तक लगेगा देशभर के नेत्र चिकित्सकों का जमवाड़ा



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर में देशभर के नेत्र चिकित्सकों का जमवाड़ा आगामी 21 से 23 फरवरी तक लगेगा। इस बाबत जानकारी देते हुए शहर के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा डॉक्टर एनडी मिश्रा ने बताया कि झारखंड ओरशैलमोलोजिकल सोसाइटी का कॉन्फ्रेंस देवघर के मैहर गार्डन में होगा। इस कांफ्रेंस में देशभर के करीब 250 से अधिक चिकित्सकों के पहुंचने की संभावना है। कॉन्फ्रेंस में नेत्र चिकित्सा पद्धति में आधुनिकतम अनुसंधान और उसे किस प्रकार आम लोगों तक पहुंचा जा सकता है इस विषय पर तीन दिनों तक विमर्श होगा। कॉन्फ्रेंस के आयोजन सचिव डॉ एनडी मिश्रा ने बताया कि प्रथम दिन 21 फरवरी को शल्य चिकित्सा बैद्यनाथ शंकर नेत्रालय में डॉ पार्थ विश्वास ऑल इंडिया ओरशैलमोलोजिकल समिति अध्यक्ष डॉ टीपी लगे मुंबई, डॉ अरविंद मौर्य एम्स हैदराबाद, डॉ कृष्ण प्रसाद कुडलु, डॉ वीरेंद्र अग्रवाल जयपुर द्वारा किया जाएगा।

# कन्नरों के द्वारा अभद्र व्यवहार के विरोध में व्यापारी वर्गो के साथ किन्नरों ने की बैठक

**संवाददाता**

**नोनीहाट।** देवघर से आए किन्नर के द्वारा नोनीहाट के व्यापारी वर्गों के साथ अभद्र व्यवहार करने को लेकर नोनीहाट के व्यापारी ने हँसडीहा थाना प्रभारी से लगाई सुरक्षा कि गुहार। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 11 फरवरी मंगलवार को देवघर से आये माही किन्नर तथा अन्य छह किन्नर साथिओं के द्वारा नोनीहाट बाजार में व्यापारीयों के साथ अवैध रूप से पैसा तहसीलने को लेकर विवाद हो गया जिससे नोनीहाट के व्यापारी वर्ग ने हँसडीहा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया । जिसमें देवघर के माही किन्नर तथा अन्य 6 के साथ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। यह जानकारी नोनीहाट के व्यापारी वर्गों के द्वारा दुमका जिला के पिंकी किन्नर को घटना के बारे में जानकारी दी है। दुमका एवं गोड्डा जिला के किन्नर को जानकारी प्राप्त होते ही



बुधवार को सुबह दुमका एवं गोड्डा जिलों के किन्नर मारवाड़ी धर्मशाला नोनीहाट में एकत्रित हो एक सभा का आयोजन किया । बैठक की अध्यक्षता पिंकी किन्नर के द्वारा किया गया । बैठक में मूल रूप से घटना के बारे में विस्तार चर्चा किया । सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि हँसडीहा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर किन्नर का एरिया क्षेत्र बांटने को लेकर लिखित आवेदन दिया जायेगा। पिंकी किन्नर,रानी किन्नर, मुक्ती किन्नर,मौसमी किन्नर किसान किन्नर ने बताया कि 11 फरवरी को देवघर से आई माही किन्नर एवं 6 अन्य किन्नरों साथियो के द्वारा नोनीहाट में हमारे उनके जजमानों को डरा धमका कर तथा गाली गलौज एवं झाड़ू से मार करने तथा बद्दुआ देने को धमकी देते हुए अवैध रूप से वसूली कर रही थी। यह सरासर गलत है। इस घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक दुमका को भी उन किन्नौर के खलीप गुहार लगाया जायेगा तथा किन्नौर का एरिया बांटने को लेकर लिखित आवेदन दिया जायेगा ।

## एकलव्य आवासीय विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**रामगढ़(दुमका) ।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कल्याण विभाग अंतर्गत दुमका के काठीजोरिया एवं मसलिया प्रखंड के दलाही में संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कक्षा 6, 7 तथा 8 में अध्यनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के निर्धारित अहर्ताधारी इच्छुक छात्र-छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र 28 फरवरी 2025 तक लिए जाएंगे। प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि कार्यालय अवधि के दौरान प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रामगढ़ के कार्यालय से कक्षा 5, 6 एवं 7 में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

# श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में उपद्रवियों ने तोड़फोड़

## पंडाल की निगरानी में तैनात सौरभ कुशवाहा ने लगाया आरोप, मांगी 1 लाख की रंगदारी, किया चाकू से हमला

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रामगढ़(दुमका) ।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के ठाड़ी हाट बाजार में मंगलवार से शुरू हुए सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में उपद्रवियों द्वारा मंगलवार की देर रात तोड़फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। भागवत कमिटी के अध्यक्ष सुशांत सेन ग्रामीण सुरेश गुप्ता, डिप्टी मांझी सहित आधा दर्जन लोगों ने बुधवार की सुबह रामगढ़ थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत की है। ग्रामीणों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में रामगढ़ थाना पुलिस ने ठाड़ी हाट गांव पहुंचकर भागवत कथा पंडाल का निरीक्षण करने के बाद तोड़फोड़ की घटना में मुख्य रूप से शामिल सुमन सेन को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाना लाया है। जबकि अन्य दो आरोपियों की तलाश की जा रही है। भागवत कमिटी के द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार मंगलवार की रात करीब 11 बजे पहले दिन की भागवत कथा समाप्त होने के बाद सभी अपने अपने घर चले गए। कथा पंडाल की निगरानी करने के लिए कुशवाहा टेंट हाउस रामगढ़ के सौरभ कुशवाहा, मजदूर छोटू कुमार, प्रमोद कुमार एवं कटकी पंडा बैठे हुए थे7 रात करीब 12 बजे ठाड़ी हाट गांव के सुमन सेन मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत असना गांव के नवीन सिंह तथा एक अज्ञात युवक पंडाल में घुस आए तथा मजदूरों से एक लाख रुपए रंगदारी की मांग करते हुए तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। पूजा के लिए बनाए गए बेदियों सहित अन्य सामग्रियों को उपद्रवियों के द्वारा नष्ट कर दिया गया। रंगदारी नहीं देने पर पंडाल में आग लगाने की भी बात बदमाशों के द्वारा कही गई है। मना किए जाने पर बदमाशों ने चाकू से सौरभ कुशवाहा पर वार कर दिया। चाकू के वार से बचने के दौरान सौरभ कुशवाहा की हथेली कट गई है। वहीं मजदूरों को भी चोट लगी है। शोरगुल सुनकर जबतक आसपास के ग्रामीण जुटने शुरू हुए तब तक अंधेरे का फायदा उठाकर उपद्रवी भाग चुके थे। सभी घायलों का रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने के बाद छुट्टी दे दी गई है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले सभी आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर, भागवत कमिटी के द्वारा सात दिनों तक चलने वाले श्रीमद् भागवत कथा के दौरान पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने की मांग की गई है।

## आपसी रंजिश में हिंसक झड़प, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए कई आरोप

**देवघर।** जिले के रिखिया थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश का मामला हिंसक झड़प में बदल गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज, मारपीट और सोने की चेन छिनतई के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला में पीड़ित अजीत सिंह पिता युगल प्रसाद सिंह, निवासी भुरभुरा मोड़, रिखिया ने मनोज कुमार भगत 50 वर्ष, पिता कृष्ण मोहन भगत के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। अजीत सिंह का आरोप है कि मनोज कुमार भगत ने अचानक उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि झगड़े के दौरान उनके गले से सोने की चेन भी छीन ली गई। पुलिस ने कांड संख्या 39/25 मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला में पीड़ित मनोज भगत उर्फ बबलू भगत पिता स्व. कृष्ण मोहन भगत, निवासी भुरभुरा मोड़, ने अजीत कुमार सिंह, उनकी पत्नी और अन्य 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दी है। मनोज भगत ने आरोप लगाया कि अजीत सिंह और उनकी पत्नी ने गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि इस दौरान उनके गले से सोने की चेन भी छीन ली गई। पुलिस ने इस मामले में कांड संख्या 40/25 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज, तीन आरोपियों पर केस

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** जिले के बुढ़ई थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता सकीमा खातुन (22 वर्ष) ने अपने पति और ससुरालवालों पर दहेज की मांग पूरी न करने पर प्रताड़ित करने और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर बुढ़ई थाना में दर्ज एफआईआर कांड संख्या 11/25 के अनुसार, सकीमा खातुन की शादी सहादत्त सेख के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति, सास और ससुर ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जब उसने दहेज देने से इनकार किया तो उसके साथ शारीरिक और मानसिक रूप से अत्याचार किया गया। पीड़िता ने बताया कि उसका पति सहादत्त सेख, ससुर कमरुद्दीन सेख और सास सकीला बीबी लगातार उसे दहेज के लिए ताने मारते थे और कई बार मारपीट भी की।

पीड़िता की शिकायत पर बुढ़ई थाना पुलिस ने बीएनएस-2023 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों में निम्न स्तरीय पोषाहार आपूर्ति करने का आरोप

**संवाददाता**

**रानीश्वर(दुमका) ।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रघुनाथ दत्ता के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने रानीश्वर प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को खराब व निम्न स्तरीय पोषाहार देने का आरोप लगाया है। मामले में रघुनाथ दत्ता ने बताया कि रानीश्वर प्रखंड में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों में अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया व निम्न स्तरीय सामग्री की आपूर्ति की जाती है। केंद्र सरकार की ओर से बच्चों को स्वास्थ्य रखने के लिए पोषाहार दिया जाता है लेकिन बच्चों को बेहद खराब सामग्री से बने पोषाहार परोसा जाता है जो दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को मामले की शिकायत करने के लिए हमलोग प्रखंड परिसर स्थित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचे , लेकिन कार्यालय में सिर्फ सुपरवाइजर उपलब्ध थी। कहा कि सीडीपीओ से पहले भी मिलने की कोशिश की गई थी लेकिन वो कभी कार्यालय में नहीं मिलती। ऐसे में इस कार्यालय को बंद कर देना चाहिए। मामले में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गट्टू कनानिया ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को जो पोषाहार खिलाना चाहिए था वह नहीं मिल रहा है। कुछ दिन पहले एक केंद्र में सड़े हुए अंडे खिलाने की बात सामने आयी थी। कहा कि उन्होंने तीन चार आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया तो देखा कि केंद्र में बेहद घटिया काली हो चुकी सूजी बच्चों को परोसी जा रही है।

## कुर्मी महासभा ने शिवाजी महाराज का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** बुधवार को झारखंड कुर्मी महासभा की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज का अवतरण दिवस अनोखे अंदाज में धुमधाम से मनाया गया। साथ ही अवतरण दिवस के उपलक्ष्य पर झारखंड कुर्मी महासभा,देवघर शाखा की ओर से दिव्यांग सपष्टि एवं अनाथालय आवासीय विद्यालय चुल्हिया (मोहनपुर) में बच्चों के बीच किताब, कॉपी, कलम,फल एवं मिठाई का वितरण कर उन्हें अपने परिवार का एहसास कराया। मौके पर महासचिव झारखंड कुर्मी महासभा डॉ राजीव रंजन, सचिव संजय कुमार राउत, कोषाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, पूर्व जोनल चेयरमैन सह पूर्व वार्ड पार्षद रवि कुमार राउत, राजीवकांत राउत, विक्रम कुमार राउत, सुमन यादव, राजू जयसवाल, सिकन्दर यादव, परमेश्वर राव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पीएलबी ने पीड़ित परिवार को दी विधिक जानकारी



**फतेहपुर (जामताड़ा)।** बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के आदेशानुसार फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत सड़क दुर्घटना में मृतका होलोदी मरांडी, पति अनुज हेंब्रम, ग्राम खिजुरिया, थाना फतेहपुर के पीड़ित परिवार के घर जाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के द्वारा सड़क दुर्घटना दावा वाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के माध्यम से निशुल्क दाखिल करने व जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा द्वारा निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने से संबंधित जानकारी दिया गया। इस दौरान पीड़ित परिवार को सरकार के विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दिया एवं सड़क दुर्घटना में प्राप्त होने वाले मुआवजा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा में निशुल्क आवेदन करने को कहा गया। मौके पर थाना पीएलबी प्रभास हेंब्रम एवं अमित कुमार मंडल मौजूद थे।

## शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, भव्य कलश यात्रा



**मिहिजाम।** मिहिजाम के कानगोई स्थित काली मंदिर के समीप नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस पावन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 1100 से अधिक महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव से भाग लिया। श्रद्धालु नंगे पांव पांच किलोमीटर तक पदयात्रा कर अपनी आस्था का परिचय दिया। यह यात्रा पश्चिम बंगाल के कांसी डांगाल और डोमदाहा से होते हुए कानगोई शिव मंदिर तक पहुंची। इस दौरान बांकुरा से आई महिला बैंड पार्टी ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बना दिया। पूरे आयोजन का संचालन मंदिर समिति के सोलह आना वर्ग के कार्यकर्ताओं ने सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से किया। श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर समिति के सदस्यों ने यात्रा के दौरान नाश्ते की भी व्यवस्था की। कलश यात्रा के समापन के पश्चात शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई, जहां भक्तों ने भगवान शिव से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन को धार्मिक आस्था, सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया और इसे एक भव्य व अविस्मरणीय आध्यात्मिक उत्सव करार दिया।

## मानव के कर्म से ही उसके अंतिम दिनों की कल्पना की जाती है : महाराज हरिदास

**कुंडहित (जामताड़ा) ।** कुंडहित प्रखंड के मंझगड़िया गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। पांचवां दिन महाराज परिक्षित जीवनी पर वर्णन किया गया। सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन विश्वनाथ पातर एंव उनके परिजनों द्वारा एंव ग्रामीण श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक उत्सव बन गया है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण भाग ले रहे हैं। इस सात दिवसीय कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक हरिदास ब्रह्मचारी जी महाराज (वृंदावन धाम) के सान्निध्य में हो रहा है।कथावाचिका ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे।

## सुद्राक्षीपुर पंचायत अध्यक्ष बने धरम दास मंडल एंव खजुरी के बने सजल सिंह



**कुंडहित (जामताड़ा) ।** कुंडहित प्रखंड के दो पंचायत में झामुमो पंचायत कमेटी पुनर्गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। सभी पंचायत के कार्यकर्ताओं में कमेटी गठन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस दौरान बुधवार को सुद्राक्षीपुर एंव खजुरी में पंचायत स्तरीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया। सुद्राक्षीपुर पंचायत भवन के समीप, जबकी खजुरी पंचायत भवन के सामने कमेटी का पुनर्गठन किया गया। सुद्राक्षीपुर पंचायत में अध्यक्ष के पद पर धरम दास मंडल, सचिव डाक्टर सोरेन,कोषाध्यक्ष अजय मंडल का चयन किया गया।वही खजुरी में अ अध्यक्ष सजल सिंह, सचिन तापस सोरेन तथा कोषाध्यक्ष नरोत्तम पातर को चयन किया गया। इस दौरान जिला पर्यवेक्षक कुतुबुद्दीन खान ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक मंडली प्रमुख जामताड़ा के आदेश अनुसार प्रखंड कुंडहित के सभी 15 पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत समिति का पुनर्गठन किया जाना है। मौके पर प्रमुख पर्यवेक्षक जयेश्वर मुर्मू, मनोरंजन सिंह, नित्य गोपाल घोष, ऑफिसर हेंब्रम , सरम मंडल, निरोध सिंह, उत्तम पाल, आतावर खान, डाक्टर मुर्मु, विश्वनाथ धीवर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कास्ता पंचायत कमेटी के पुनर्गठन को लेकर हुई बैठक



**नाला( जामताड़ा)।** केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा कास्ता पंचायत कमेटी के पुनर्गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड सचिव स्वर्गीय जयधन हांसदा की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण किया गया। तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई। मालूम हो कि इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य की देखरेख में सभा अध्यक्ष वासुदेव हांसदा की उपस्थिति में आयोजित इस चुनावी बैठक में सर्वसम्मति से कास्ता पंचायत के पंचायत अध्यक्ष के पद पर उत्तम कुमार मंडल, सचिव के पद पर शेख शाहजहाँ तथा कोषाध्यक्ष के पद पर अविलास कुमार का चयन किया गया। इसके अलावे उपाध्यक्ष, सह सचिव, संगठन मंत्री, तथा कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए।इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य,विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा,दयामय घोष, सलीम जहांगीर, शेख मुस्ताक,दिनु दास, भुजंगभूषण तिवारी आदि मौजूद थे।

## प्रमंडल स्तरीय पीएमएफएमई महोत्सव 2025 का हुआ शुभारंभ




संवाददाता

**गोड्डा ।** स्थानीय गोड्डा कॉलेज मैदान में उद्योग विभाग के तत्वावधान में बुधवार को प्रमंडल स्तरीय पीएमएफएमई महोत्सव का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत उद्योग -सह- श्रम नियोजन ,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री संजय प्रसाद यादव, उपायुक्त जिशान कमर, डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर पवन कुमार बाघ, उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष कल्पना देवी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर उद्योग मंत्री के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि पीएमएफएमई योजना सूक्ष्म खाद्य उद्योगो को बढावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका क्रियान्वयन झारखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2021 से झारखण्ड के हर जिले में किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से लघु एवं सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण संबंधित उद्यमों को सशक्त बनाया जा रहा है जो हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। झारखण्ड एक कृषि आधारित राज्य है जिसमें विविध प्रकार के फसलों के साथ-साथ वनोपज पाए जाते है। यह प्रदेश अपने समृद्ध परंपरागत कृषि परिदृश्य के कारण खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यम स्थापना की अपार संभावनाएं रखता है, विशेष रूप से मिलेट्स, रागी, मक्का, चावल, गेंहू, आलू, आम और मशरूम इत्यादि का प्रोसेसिंग की छोटी इकाई स्थापित कर ग्रामीण वेरोजगारी को दूर करने में अहम भूमिका निभाया जा सकता है। राज्य सरकार के प्रयास से पीएमएफएमई योजना ने इस क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे वित्तीय सहायता और बाजार संबंधों के माध्यम से छोटे उद्यमियों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिली है। समेकित रूप से अबतक लगभग 3200 उद्यमियों को इस योजना के माध्यम से वित्तीय लाभ दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान स्टॉल का निरीक्षण किया गया एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों एवं पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कारा सुरक्षा समिति की बैठक में जेल सुरक्षा व मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा



**नारायणपुर (जामताड़ा)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा कुमुद सहाय की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में बुधवार को कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल कारा के नए जेल निर्माण स्थल पाथरचपड़ा में जलापूर्ति के लिए प्राक्कलन, कारा सुरक्षा व्यवस्था, कैदियों एवं बंदियों को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाएं, मुलाकाती व्यवस्थाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, ड्रैगन लाइट, जैमर, टेलीफोन बूथ, वॉकी-टॉकी, सायरन, बैरिकेडिंग, इलेक्ट्रिक फेंसिंग तथा रिक्त पदों पर कक्षपालों की नियुक्ति जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में उपायुक्त ने विगत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नए जेल स्थल पर जलापूर्ति के लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से शीघ्र प्राक्कलन उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही, संसीमित बीमार बंदियों के इलाज हेतु सदर अस्पताल जामताड़ा में कैदी वार्ड में सिविल कार्य कराने का निर्देश दिया। महिला बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई, कटाई, बुनाई व कढ़ाई प्रशिक्षण के लिए एक महिला प्रशिक्षिका की प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया गया। उपायुक्त ने जेल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कहते हुए सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था व अन्य सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच के निर्देश दिए।

## जनजातीय संध्या डिग्री महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**मिहिजाम**– मिहिजाम स्थित जनजातीय संध्या डिग्री महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की भव्य शुरुआत हुई। मंगलवार को कॉलेज के प्राचार्य प्रो. कृष्ण मोहन साह और आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. सोमेन सरकार ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न श्रेणियों में दौड़ स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और जोश का प्रदर्शन किया। खेल के प्रति विद्यार्थियों के समर्पण और ऊर्जा ने पूरे वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. कृष्ण मोहन साह ने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, एकता और नेतृत्व कौशल भी विकसित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भाग लेने की सलाह दी। इस अवसर पर डॉ. राकेश रंजन, बास्की नाथ प्रसाद, सतीश शर्मा, रंजीत यादव, देवकी पंजियारा, शबनम खातून, दिनेश किस्कु, अभिजीत सिंह, खरतोल, राजू शर्मा, दिनेश रजक और रेखा शर्मा समेत कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सभी ने प्रतिभागी छात्रों की सराहना की और उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## तीन दिवसीय खो खो प्रतियोगिता सह प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**गोड्डा** – जिले के ऐतिहासिक गांधी मैदान में जिला खो खो संघ द्वारा 17 से 19 फरवरी तक आयोजित खो खो का जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रतियोगिता सह प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हुआ।वहीं प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रतियोगिता और प्रशिक्षण शिविर में ज्ञान आलोक पब्लिक स्कूल, डी ए वी पब्लिक स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय महगामा एवं नव प्रभात मिशन स्कूल के छात्र- छात्रों ने हिस्सा लिया। वहीं आयोजित प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए मुकाबले में ज्ञान आलोक पब्लिक स्कूल बनाम डी ए वी पब्लिक स्कूल बालक टीम के बीच खेला गया जिसमें डी ए वी ने जीत हासिल की। वहीं बालिका टीम का फाइनल मुकाबला कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय महगामा और डी ए वी पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया जिसमें कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय महगामा ने 9 प्वाइंट से जीत हासिल की। वहीं प्रतियोगिता समापन के दौरान उपविजेता और विजेता टीम को अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अशोक प्रियदर्शी एवं पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव के द्वारा शिल्ड देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, गोड्डा अनुमंडल पुलिस, पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष वेणु चौबे, समाजसेवी जुगनू जी, पूर्व वार्ड पार्षद साहिल मेहरा, मो0 नजमी, टिपलाल साह, खो खो संघ सचिव आर्यन चंद्रवंशी, रेफरी उत्पल कुमार रजक, अमरेन्द्र सिंह बिट्टू, नरेंद्र गांधी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी उपविजेता एवं विजेता टीम को मेडल पहना कर, प्रशस्ति पत्र दिया गया। वहीं उपविजेता एवं विजेता टीम को विधायक प्रदीप यादव के द्वारा कप देकर सम्मानित किया गया।

## मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर 23 को

**गोड्डा ।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के आलोक में आगामी 23 फरवरी को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय में मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नालसा के शिशु प्रोजेक्ट के तहत जरुरतमंद बच्चों के पुनर्वास, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्पानशरशिप की राशि का नियमित भुगतान से संबंधित पहलुओं की अद्यतन स्थिति पर विशेष फोकस रहेगा। वहीं सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ सुनिश्चित कराया जाएगा।

शिविर की सफलता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रखंड स्तर पर न्यायिक पदाधिकारी, एलएडीसी, पैनल अधिवक्ता व पीएलवी सह अधिकार मित्र मौजूद रहेंगे। इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने दी।

## स्व. माणिक उपाध्याय एवं पप्पू उपाध्याय स्मृति नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**चितरंजन।** स्व. माणिक उपाध्याय एवं पप्पू उपाध्याय स्मृति नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण 21 से 23 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। यह शानदार प्रतियोगिता लेफ्ट बैंक स्कूल ग्राउंड, कल्याणेश्वरी में प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होगी। टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बिधान उपाध्याय विधायक, बाराबनी सह मेयर, आसनसोल नगर निगम तथा मुकुल उपाध्याय युवा नेता, बाराबनी उपस्थित रहेंगे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन सालनपुर ब्लॉक, तृणमूल कांग्रेस के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना एवं खेल भावना को बढ़ावा देना है। आयोजक समिति ने खेल प्रेमियों से अपील किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस रोमांचक टूर्नामेंट का आनंद लें और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

## पथरगामा बीडीओ मॉर्निंग वॉक करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों से मिले

**पथरगामा प्रतिनिधि ।** बीडीओ नितेश गौतम ने आज सुबह एक अनोखा अनुभव साझा किया। जब वह डीएवी पब्लिक स्कूल पथरगामा की स्कूल बस में बच्चों के साथ यात्रा करते हुए मिले। सुबह-सुबह जब स्कूल की गाड़ी बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। तब पथरगामा बीडीओ ननितेश कुमार गौतम की नजर उस गाड़ी पर पड़ी और वह बिना किसी झिझक के गाड़ी में चढ़ गए। गाड़ी में चढ़ते ही बच्चों ने एक साथ गुड मॉर्निंग सर कहकर उनका अभिवादन किया। इस पर पथरगामा बीडीओ नितेश कुमार गौतम ने बच्चों से बातचीत की और कई सवाल भी किए। जिससे उन्हें बच्चों की जानकारी और उत्साह का पता चला। उन्होंने कहा, मैं पहले शिक्षक के पद पर कार्यरत था। और बच्चों के साथ समय बिताना हमेशा आनंद दायक होता है। गाड़ी से उतरते समय पथरगामा बीडीओ नितेश कुमार गौतम ने बच्चों को उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और आश्वासन दिया। कि वह जल्द ही स्कूल का दौरा करेंगे। यह अनुभव बच्चों और पथरगामा बीडीओ नितेश कुमार गौतम दोनों के लिए एक यादगार पल बन गया। समाज के प्रति उनके इस तरह के सकारात्मक दृष्टिकोण और बच्चों के साथ समय बिताने की पहल से यह भी सिद्ध होता है कि प्रशासन बच्चों की शिक्षा और समृद्धि के प्रति जागरूक है।

## झारखंड जेईटेट सहायक आचार्य परीक्षा परिणाम जल्द घोषित करने की मांग



**गोड्डा ।** महागामा विधानसभा विधायक सह ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से जेईटेट पास अभ्यर्थियों ने मुलाकात की और झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेईटेट) सहायक आचार्य परीक्षा के परिणाम जल्द घोषित करने की मांग रखी। वहीं इस महत्वपूर्ण मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अभ्यर्थियों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके भविष्य के साथ कोई अन्याय नहीं होने देगी। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने स्पष्ट किया कि सरकार जल्द ही ठोस कदम उठाएगी ताकि परीक्षा परिणामों की घोषणा पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जा सके। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में युवाओं के हितों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही जल्द पूरी की जाएगी ताकि योग्य उम्मीदवारों को उनका हक मिल सके। इस मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष परिमल कुमार व रांची एवं आसपास के समस्त अभ्यर्थी मौजूद रहे।

## बड़बहाल में हनुमत प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा का आयोजन



**नारायणपुर(जामताड़ा)।** प्रखंड के घांटी बड़बहाल में हनुमत प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित हो रहे पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत बुधवार को, बजरंगबली मंदिर के प्रतिमा के साथ श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण किया। इस अवसर पर यज्ञ स्थल के पास स्थित बजरंगबली मंदिर के पास से बजरंगबली एवं जय श्री राम के जयकारे के बीच प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे नगर का भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में लोग धार्मिक जयकारे के साथ पैदल एवं मोटरसाइकिल से प्रतिमा के साथ चल रहे थे। प्रतिमा नगर भ्रमण के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे ग्राम का वातावरण भक्तिमय प्रतीत हो रहा था। इस कार्यक्रम में मनमोहन तिवारी के अलावा अशोक ओझा, वरुण रवानी के अलावा अन्य यज्ञ समिति के सदस्य एवं काफी

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**नारायणपुर(जामताड़ा)** स्वास्थ्य मंत्री ने कर्माटांड प्रखंड अंतर्गत डुमरिया पंचायत में कबरी बरमुंडी मोड़ से कबरी नीचे टोला तक 3 किमी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह सड़क आदिवासी बहुल क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।इस अवसर पर मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा कि यह सड़क स्थानीय ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे पूरा किया जा रहा है। उन्होंने झारखंड सरकार की विकास नीति पर जोर देते हुए कहा कि राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है।स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मंत्री ने घोषणा की कि आने वाले बजट में जामताड़ा में 300 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल और मेंझिया में मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी। इसके अलावा, हर पंचायत में हाई-टेक लैब बनाई जाएगी ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों, आदिवासियों, दलितों और अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि विकास की यह गति जारी रहेगी।इस अवसर पर कनीय अभियंता, मुखिया बलदेव मरांडी, राजनीतिक सलाहकार निशापती हसदा, बीरबल अंसारी, हरि बास्की, नाजीर टुड्डू, सफ़ाकत अंसारी, तनवीर आलम और बापी मंडल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक संपन्न



**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित सभागार मे बुधवार को उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं जिलास्तरीय समीक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा सीडी रेश्यो, वार्षिक ऋण योजना में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि, पीएम किसान लाभुकों के केसीसी संतृप्तीकरण की स्थिति, एमएसएमई योजना के अंतर्गत प्रगति, पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण की स्थिति, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) का क्रेडिट लिंकेज, पी0 एम0 स्वनिधि योजना की उपलब्धि, नाबार्ड के द्वारा विकासात्मक कार्यों की अद्यतन स्थिति, पीएमजेडीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई तथा एपीवाई के अंतर्गत प्रगति, एफपीओएस के क्रेडिट लिंकेज तथा ऋण वसूली की क्रमवार समीक्षा की गई। एवं इन योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए ताकि इनका लाभ ग्रामीणों को सुगमतापूर्वक मिल सके। मौके पर एलडीएम चंदन कुमार चौहान, आरबीआई रांची के उदीप्त प्रकाश, डीडीएम नाबार्ड नूतन राज एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयक सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## युवा कांग्रेस कमेटी का हुआ गठन



**ठाकुरगंगटी संवाददाता ।** कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी खुर्शीद खान द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच प्रखंड स्तरीय युवा कांग्रेस कमेटी का गठन बुधवार को किया गया। सर्वसम्मति से हरिनकोल ग्राम निवासी अब्दुल खबीर को कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष, ललन यादव, प्रतीक झा को उपाध्यक्ष, भास्कर कुमार, सुनील यादव, अक्षय यादव को महासचिव के रूप में चयनित किया गया है। इसके अलावे प्रखंड कमेटी में करीब दो दर्जन से अधिक युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों पर रखा गया है। इस अवसर पर चयनित सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस के संगठन के प्रति प्रतिदिन समय निकालकर काम किया जाएगा ताकि ठाकुरगंगटी प्रखंड महगामा विधानसभा गोड्डा जिले लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ झारखंड राज्य में युवा कांग्रेस का संगठन तेजी से बढ़ सके और देश में युवा कांग्रेस की एक अलग पहचान हो। अब्दुल खबीर ने कहा कि जिस प्रकार उन्हें विश्वास करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा युवा प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है वह उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे। और जितना बन पड़ेगा हर संभव पार्टी को आगे बढ़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरीय अधिकारियों द्वारा जो भी दिशा- निर्देश दिया जाएगा उसपर सत प्रतिशत अमल करते हुए उसका पालन समय पर किया जाएगा। इस अवसर पर ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायतों के विभिन्न गांवों के दर्जनों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

### सालानपुर में रॉयल कप क्रिकेट टूर्नामेंट

## एचसीएल बॉयज ने फाइनल में रूपनारायणपुर ब्लैक पैंथर्स को हराया




**चितरंजन।** सालानपुर प्रखंड के पीठाकेयारी एनटीपीसी मैदान में आयोजित रॉयल कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में एचसीएल बॉयज ने शानदार खेल दिखाते हुए रूपनारायणपुर ब्लैक पैंथर्स को हराकर खिताब अपने नाम किया। यंगस्टर क्लब पीठाकेयारी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबले में एचसीएल बॉयज ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। विजेता टीम को 60,000 नकद और एक चमचमाती ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता रूपनारायणपुर ब्लैक पैंथर्स को 40,000 नकद और एक ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अलावा, मैन ऑफ द सीरीज को 8,000 नकद पुरस्कार से नवाजा गया और खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए गए। इस रोमांचक प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सालानपुर प्रखंड तृणमूल कांग्रेस के उपाध्यक्ष भोला सिंह, रूपनारायणपुर पंचायत प्रधान अपर्णा रॉय और उपप्रधान संतोष चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भोला सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह के टूर्नामेंट बेहद जरूरी हैं। उन्होंने आयोजकों और प्रतिभागियों की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को हर संभव समर्थन दिया जाएगा।

# चंद्रयान-3 दो़ चान्दोवाक् दा़खिण पोल रेयाक् ओ़त, 3 अरब सेरमा खो़न हों मारे गेया



**खोबोरिया**

**बेंगलुरू।** बो़छो़र 2023 सेरमा रे भारत रेयाक् चंद्रयान-3 चान्दोवाक् दा़खिण पोल रे मेताक्मे शिव शक्ति पाइंट रेको फेड आकादा। नोआजायगा बाबो़त ते वैज्ञानिकको दा़बीयाकादा जे चान्दोवाक् दा़खिन पोल रेयाक् जायगा दो़ 3 अरब बो़छो़र खो़न हों जा़सती मारे गेया। स्टडी ओ़कते हाई-रिजोल्यूशन वाला रिमोट सेंसिंग डेटासेट्स रेयाक् गो़ड़ो़को हाताव केदा। नोआ रे वैज्ञानिक रेन टीम दो़ जुटा़उरेको ताहेंकाना। ओका दो़ बेंगलुरू रे मेनाक् इसरो रेयाक् इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स सिस्टम सेंटर, अहमदाबाद रे मेनाक् फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी आर चंडीगढ़ रेयाक् पंजाब यूनिवर्सिटी रेनएक्सपर्ट्स सेलेत्को ताहेंकाना। नोको हो़ड़ गे चंद्रयान-3 रेयाक्लैंडिंग साइट मेताक्मे शिव शक्ति प्वाइंट मैपको बेनाव लेदा। रिपोर्ट लेका ते स्टडी ओ़कते लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर रेयाक् वाइड-एंगल कैमरा आर टेरेन कैमराको लागावाकादा। नोआहोतेते क्रेटर आर धिरी चा़टा़नी एमान तेयाक्को स्टडी केदा। 25गो़टेच् क्रेटर्स (500-1,150 मीटर व्यास) रेयाक् एनालिसिस ते बाडायेना जे लैंडिंग साइट रेयाक् जायगा दो़ 3.7 अरब सेरमा खो़न हों मारे गेया। इसरो रेन वैज्ञानिक ए ला़ई केदा जे चान्दोवाक् ओ़त दो़ माइक्रो-मेटियोराइट ठूक्कान ते आर धिपा़उ ढेर-को़मो़क कारो़नते बो़दो़ल ते गे ताहेंन काना। लाख बो़छो़र पारो़मेन तायो़म नोआचा़टा़नी दो़ गेजेरेन ते रेगोलिथ रे बो़दो़ल एना। नोआ रेयाक्बाडाय दो़ नोंकान ओ़कते सामाङ रे हेच् एना जे तिन रे भारत दो़ चंद्रयान-4 मिशन रेयाक् साप्-सापड़ाव रे मेनाक्कोआ। 2027 बो़छो़र रे चंद्रयान-4 दो़को लॉन्चा। ओना रेयाक् जो़सतेत् दो़चान्दोवाक् ओ़त खो़न चा़टा़नी नमूने तुमा़ल जारवा कातेक् धा़रती तेको आ़गुया। चंद्रयान-3 दो़ 14 जुलाई 2023 सेरमा रे श्रीहरिकोटारेयाक् सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र खो़नको लॉन्च लेदा। 23 अगस्त 2023 हिलोक् चंद्रयान-3 रेयाक् विक्रम लैंडर दो़ चान्दोवाक् ओ़त रे सॉफ्ट लैंडिंग होय आकाना। भारत रे चंद्रयान-2 लाड़ावानाक् रे 600 करोड़ टाकाको खो़रो़च आकादा। स्टडी ओ़कते चंद्रयान-3 रेयाक् लैंडिंग साइट दो़ पे हिंस रेको हा़टिञ दाड़ेयाक्आ। जियोपॉलिटिकल मैपरेको ला़ई आकादा जे हाई-रिलीफ रग्ड एरिया, स्मूथ प्लेन्स आर लो-रिलीफ स्मूथ प्लेन्स सेलेत् मेनाक्आ। स्टडी पेपर रे टीम होतेतेनोआ रेयाक् बानाडा दो़को एमआकाना, ओका दो़ साइंस डायरेक्ट जर्नल रे छापावाकाना। नोआ रेको ओ़नमान आकादा जे लैंडिंग साइट दो़ 3.7 बिलियन सेरमा लाहा रेयाक् काना।

# विदेशी पा़रसी चेत् काते मो़ंज नुकरीम ञाम दाड़ेयाक्आ

**खोबोरिया**

**नवां दिल्ली ।** जुदी आम उसा़रा ते लाहाक्एम खो़जो़क् काना तो़बे हिंदी आर अंग्रेजी साँवते गे जुदा़-जुदा़ पा़रसीको चेत्जो़ड़ हों आम ला़गित् पो़रहो़वानाक् होय दाड़ेयाक्आ। जुदा़-जुदा़ आर नावां लेकानाक् पा़रसी होते मित् मो़ंज नुकरी होंय ञाम ओचो दाड़ेयामा। जुदी नोआ पा़रसीको रेयाक् गेयान हिंदी सांवते मेनाक्तामा तो़बे नुकरी ञामो़क् रेयाक् आस ढेर गे ताहेंन काना।

स्पेनिशः जुदी जाहांटाक् पा़रसी सा़री रे दुनिया़ तेयाक् पा़रसीरेयाक् दोरजाय ञाम दाड़ेयाक्आ तो़बे ओना दो़ स्पेनिश काना।दुनिया़ भोर रे नोआ पा़रसी सांव जोड़ावाकान रोजगार रेयाक्ओ़पसो़रेम ञाम दाड़ेयाक्आ। अमेरिका रे आयमा ओ़को़च्



नोडकानहो़ड़को ताहेंन काना, ओ़को़य दो़ स्पेनिश पा़रसी तेको रो़ड़ेत्काना। नोआ छाडा हिजुक् चालाक् हो़ड़ हों आयमा मेनाक्कोआ। नोआ चेद हिसा़ब ते दो़ आलगा गेया। स्पेन छाडा नोआ पा़रसी दो़ दक्षिण अमेरिका रेयाक् आयमा दिसा़म आर मेक्सिको रे होंको रो़ड़ेत् काना।

जर्मनः जर्मनी छाडा स्विटरजरलैंड रे हों नोआ पा़रसी दो़ आ़डीकोरो़ड़ेत् काना आर नोआ दो़ बानार दिसा़म यूरोप रे कारोबार रेयाक् केंद्रको मानावेत् काना। नोडका रे नोआ पा़रसी दो़ कारोबार रेयाक् हिसा़ब ते जा़रूड़ान गेया।

फ्रेंचः दुनिया़ भोर रे 20 करोड़ खो़न जा़सती हो़ड़ नोआ पा़रसीको रो़ड़ेत् काना। दुनिया़ रेयाक् 40 खो़न जा़सती दिसा़म रे फ्रेंच पा़रसी रो़ड़ेत्कानकोम आञ्जो़म दाड़ेयाकोआ। नोआ फ्रेंच दो़ 8 गो़टेच् दिसा़म रेयाक् पा़रसी काना आर संयुक्त राष्ट्र रे नोआ दो़आधिकारिक दोरजाय ञाम आकादा।

अंग्रेजीः अंग्रेजी पा़रसी रेयाक् मो़हो़त माम बाडाय गेया। लंदन,अमेरिका घालो़क् यूरोप रे आसो़लकाय तेको रो़ड़ेत्कान पा़रसीकाना। नोआ ते करियर रेयाक् असीम चांस होय दाड़ेयाक् आस रे आम ला़गित् दुवा़र खुला़वक् काना।

जापानीः अंग्रेजी रे आयमा नोडकान सो़बदो़ मेनाक्आ, ओका दो़ नोआपा़रसी रे सेटेराकाना। जुदी एशिया रेयाक् रोबोटिक केंद्र रे जायगाम बेनावा तो़बे जापानी पा़रसी चेद दो़ जा़रूड़ गे बुजहा़उवमे।

अरबीः 30 करोड़ हो़ड़ नोआ पा़रसीको रो़ड़ेत् काना। दुबई आर आबु धाबी लेकान अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रको रेयाक् पा़रसी काना। नोआ पा़रसी दो़ आयमा क्षेत्र रे रोजगारे ञाम ओचो दाड़ेयामा। पश्चिम एशिया आर अफ्रीका रेयाक् आयमा दिसा़मको रे नोआ पा़रसी दो़को रो़ड़ेत् काना।

# पा़पिता दो़ डायबिटीज आजारान हो़ड़को ला़गित् ते आ़डी मो़ज फे़ल काना

**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** डायबिटीज ते जा़बुनाकान हो़ड़ दो़ मो़ने रे कंफ्यूजनताहेंनकान ताकोआ जे ओनकोवाक् निपुट ला़गित् ते ओकाटाक्फे़ल-डो़ल जो़म लेखान मो़ज होयोक्आ। मेनखान चेत् सा़रियाक् रेपा़पिता दो़ ओनको ला़गित् ते नुकसान गेया? गा़खुड़िया़कोवाक् मेनकाना जे नोंका दो़ बाङ काना। डायटिशियन आर स्वास्थ्य गा़खुड़िया़कोवाक् मेन लेकाते



पा़पिता दो़ डायबिटिज आजार तेजा़बुनाकान हो़ड़ ला़गित् दो़ आ़डी मो़ज फे़ल-डो़लेम मेता दाड़ेयाक्आ। मेनखान नोआ दो़ लिमिट रे गे जो़म जा़रूड़ काना। पा़पिता रे प्राकृतिक शुगर दो़ जा़रूड़ ताहेंन काना। नोआ रे आ़डी जा़सती ताहेंनकान फाइबर दो़ ब्लड शुगर रेयाक् धाप दो़ उसा़रा बायढेर आचोवाक्आ आर हो़ड़मो़ रे शुगर ओ़र आंजेद रेयाक्का़मी दो़य को़मा। नोआ छाडा नोआ फे़ल दो़ विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई, मैग्नीशियम आर पोटेशियम लेकानाक् मिनरल्स ते पेरेच् गे ताहेंन काना। ओका दो़ हो़ड़ामो़ ला़गित् ते दो़ पो़रहो़वानाक् गेया। डायबिटीज आजार ते जा़बुनाकान हो़ड़ जुदी लिमिट मात्रा रे पा़पिताय जो़मा एन्डेखान नोआ ते जाहां लेकानाक् लुकसान बाङ होयोक् काना। गा़खुड़िया़को लेकाते पा़पिता दो़ हाजाम ला़गित् ते आ़डी मो़ंजगेया।


# झाल आटकारो़क् दो़ हो़ड़ाक् मो़न तेयाक् हुदिस-बिचा़र रे टेहाड



**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** निया़ हा़ली पानाड़हाव रे बाडाय आकाना जे मा़रिच आर झाल रेयाक् आसो़ल कारो़न कैप्साइसिन ताहेंनो़क् काना, ओका दो़ मानवांकोवाक् आलाङ रे हासो ते रिसेप्टर्साक् उतकुत् दाड़ेयाक्आ।नोआ उतकुदो़क्कान ते हासो़येत्बो़ना, मेनखान नोआ दो़ आटकार दाड़ेयाक् हो़ड़ाक् मोनतेयाक् हुदिस-बिचा़र रे काना। जुदीजाहांयको मो़सलावानाक् जो़माक् जिनिस तेय आ़ईका़वेत् खान तो़बे उनीदो़ नोआ आ़डी झाल रेयाक् मो़ंजे आटकार दाड़ेयाक्आ, मेनखान झाल बाङ जो़जो़म हो़ड़ दो़ नोआ मो़ज बाङको आ़ईका़वा आर हासोकोआ। नोआ पानाड़हाव दो़ पुरूब चीन नॉरमल यूनिवर्सिटी, वर्जीनिया टेक आर यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले रेन वैज्ञानिक होतेते होय आकाना। ओनको दो़ नोआ काथा रेयाक्को जाँच केदा जे चेकाते बो़हो़क् रे हासो़येत्बो़ना आर आलगा तेय का़मीयेत् काना। जा़सतीमो़सला जो़क्जो़म हो़ड़ाक् कुसी बाङ कुसी रे उनाक् माराङ बेगार दो़ चेदाक् होयोक् काना? नोआ कुकली रेयाक् जोबाब दो़ निया़हाली रे गे मित्टेन चीनी-अमेरिकी स्टडी रे ञाम आकाना, ओका दो़ नोआ बाडाय ला़गित् तेय कुरूमुटू केदा जे थो़ड़ा हो़ड़ दो़ झाल जो़माक् चेदाक्को कुसीयाक् काना, मेनखान आयमा हो़ड़ दो़ नोआ हासोकोआ आर बाङको साहावा। स्टडी रे नोआ ञाम आकाना जे ओ़को़य हो़ड़ जा़सती मो़सला जो़मको कुसीयाक्आ, ओनकोवाक् बो़हो़क् रेयाक् रा़सका़ केंद्र रे आ़डी जा़सती का़मी सालाक्को ञेलो़क्आ, मेनखान ओ़को़य हो़ड़ नोआ बाङको कुसीयाक्कान ताहेंना, ओना रे हासो़ सोंगे जो़ड़ाव हिंस रे आ़डी जा़सतीय का़मीया। खो़ंदरो़डिको दो़ नोआ हो़ंको ञेल केदा जे जाहांय हो़ड़ जा़सती मो़सला दाका-उतुतेयाक् ता़पिसाक् बाबो़त ते लाहा खो़न गे मो़ंज तेयाक् बुज ञामाकान ताहेंना। ओनको दो़ को़म ता़पिस रेयाक्को आटकार केदा, मेनखानबेमो़ंज तेयाक् बुज दो़ जा़सती धारणा रेयाक्ए ढे़रेत् काना। नोआ रेयाक् मो़तलो़ब नोआ होयेना जे आबोवाक् हुदिस आबोवाक् सेबेल आरहासो रेयाक् आटकार दो़ गा़हिर ते चापो़ट दाड़ेयाक्आ। नोआ पानाड़हाव ते बाडाय ञामो़क् काना जे जा़सती मो़सलावानाक् जो़म ते आबो उपा़र मो़ने रे एकेन हो़ड़मो़ उतकुत् रे बाङ काना, नोआ दो़ मोनतेयाक् हुदिस-बिचा़र आर चेतान रे होयोक् काना।

# नाशा जिनिस बाङ ञुयेत् हो़ड़को रे हों फेफड़ा रे कैंसर



**खोबोरिया**

**नावाँ दिल्ली।** नावां पानाड़हाव रे बाडाय आकाना जे ओ़को़यको तिस गे नाशा जिनिस बाको बेवहार सेको बाको ञू बाड़ाय हो़ड़को रे होंफेफड़ा रेयाक् कैंसर मामला ढेर इदीक् काना आर नोआ रेयाक् आसो़ल कारो़न दो़ बा़ड़िच् हो़य होय दाड़ेयाक्आ। नोआ पानाड़हाव रे विश्व स्वास्थ्य संगठनाक् अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी घालो़क् आयमा एटाक् संगठनको रेन खो़ंदरो़डिया़को सेलेत् एना। खो़ंदरो़डिया़को दो़ 'ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी2022 डेटासेट' घालो़क् एटाक् आंकड़ाको विश्लेषण केदा आर फेफड़ा रेयाक् कैंसर रेयाक् पोनया उपप्रकारको . एडेनोकार्सिनोमा, स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा, का़टिच् सेल कार्सिनोमा आर माराङ सेल कार्सिनोमा रेयाक् राष्ट्रीय ता़री रे पानाड़हाव होय एना। नोआ पानाड़हाव रे ञाम एना जे एडेनोकार्सिनोमा दो़ हेरेलको आर मायजिवको बानार हो़ड़ रे फेफड़ा रेयाक् कैंसर रेयाक् आसो़ल प्रकार बेनाव चुका़उआकाना। रिपोर्ट लेकाते, 2022 रे दुनिया़ भोर रे धूम्रपान बाङ बेवहारको हो़ड़ रे हों फेफड़ा रेयाक् कैंसर रेन 53-70 प्रतिशत मामला नोआ उपप्रकार रेनको ञाम एना। धूम्रपान बाङ बेवहारको होंघातक बीमारी ओ़मो़नो़क् काना।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, साहेबगंज (जिला सामान्य शाखा)

**सूचना**

विज्ञापन संख्या–01/2024 के आलोक में चौकीदार सीधी नियुक्ति हेतु दिनांक–19.01.2025 (रविवार) को आयोजित लिखित परीक्षा का परीक्षाफल आरक्षण कोटिवार 1:3 की संख्या में शारीरिक जॉच हेतु अभ्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यार्थियों की सूची साहेबगंज जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.sahibganj.nic.in पर प्रकाशित कर दिया गया है।

शारीरिक जॉच परीक्षा हेतु तिथि अलग से प्रकाशित की जायेगी।

इसे नियुक्ति का अंतिम परिणाम नहीं समझा जाय।

निदेशक, आई0टी0डी0ए0, साहेबगंज

अपर समाहर्ता साहेबगंज

PR 346773 (District)24-25*D

## अनुमंडल दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर

दूरभाष सं०–06432-232326ई–मेल–sdodeoghar@gmail.com

**(सामान्य न्यायालय)**

**नोटिस**

–बनाम–

विनोद तनपुरिया,
बैद्यनाथ लेन, वार्ड नं०–21

ब–जरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि आपका धर्मशाला/भवन काफी जर्जर अवस्था में है एवं कभी भी किसी संभावित दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पूर्व में भी आपको नोटिस निर्गत करते हुए निदेश दिया गया हैं कि देवघर नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर भवन उपनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने भवनों की जाँच कराते हुए उसके मरम्मती एवं जर्जर मकान को तोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें, जिसका अनुपालन आपके स्तर से अबतक अधोहस्ताक्षरी को अप्राप्त है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य एवं **महाशिवरात्रि–2025** में संभावित भीड़ एवं काफी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए निदेश दिया जाता हैं कि **अविलम्ब** देवघर नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर भवन उपनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने भवनों की जाँच कराते हुए उसके मरम्मती एवं जर्जर मकान/धर्मशाला को तोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें।

उक्त आदेश का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में अथवा आपके जर्जर भवन/धर्मशाला से किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर, उसकी व्यक्तिगत जिम्मेवारी आपके उपर तय की जायेगी एवं साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–152 के तहत् विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

**इसे सख्त ताकिद समझें।**

अनुमंडल दण्डाधिकारी, देवघर

PR 346815 Deoghar(24-25)#D

## अनुमंडल दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर।

दूरभाष सं०–06432-232326 ई–मेल–sdodeoghar@gmail.com

(सामान्य न्यायालय)

**नोटिस**

–बनाम–

पिंकु झा, पिता–स्व० धारानाथ साह,
धमुक टोला, झौसागढ़ी, वार्ड नं०–23

ब–जरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि आपका धर्मशाला/भवन काफी जर्जर अवस्था में है एवं कभी भी किसी संभावित दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पूर्व में भी आपको नोटिस निर्गत करते हुए निदेश दिया गया हैं कि देवघर नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर भवन उपनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने भवनों की जाँच कराते हुए उसके मरम्मती एवं जर्जर मकान को तोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें, जिसका अनुपालन आपके स्तर से अबतक अधोहस्ताक्षरी को अप्राप्त है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य एवं **महाशिवरात्रि–2025** में संभावित भीड़ एवं काफी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए निदेश दिया जाता हैं कि **अविलम्ब** देवघर नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर भवन उपनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने भवनों की जाँच कराते हुए उसके मरम्मती एवं जर्जर मकान/धर्मशाला को तोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें।

उक्त आदेश का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में अथवा आपके जर्जर भवन/धर्मशाला से किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर, उसकी व्यक्तिगत जिम्मेवारी आपके उपर तय की जायेगी एवं साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–152 के तहत् विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

**इसे सख्त ताकिद समझें।**

अनुमंडल दण्डाधिकारी, देवघर।

PR 346809 (Deoghar) 24-25 (D)

## अनुमंडल दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर

दूरभाष सं०–06432-232326ई–मेल–sdodeoghar@gmail.com

**(सामान्य न्यायालय)**

**नोटिस**

–बनाम–

मोहन साह, पिता–जयनारायण साह,
झौसागाड़ी दुखी साह रोड, वार्ड नं०–23

ब–जरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि आपका धर्मशाला/भवन काफी जर्जर अवस्था में है एवं कभी भी किसी संभावित दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पूर्व में भी आपको नोटिस निर्गत करते हुए निदेश दिया गया हैं कि देवघर नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर भवन उपनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने भवनों की जाँच कराते हुए उसके मरम्मती एवं जर्जर मकान को तोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें, जिसका अनुपालन आपके स्तर से अबतक अधोहस्ताक्षरी को अप्राप्त है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य एवं **महाशिवरात्रि–2025** में संभावित भीड़ एवं काफी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए निदेश दिया जाता हैं कि **अविलम्ब** देवघर नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर भवन उपनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने भवनों की जाँच कराते हुए उसके मरम्मती एवं जर्जर मकान/धर्मशाला को तोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें।

उक्त आदेश का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में अथवा आपके जर्जर भवन/धर्मशाला से किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर, उसकी व्यक्तिगत जिम्मेवारी आपके उपर तय की जायेगी एवं साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–152 के तहत् विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

**इसे सख्त ताकिद समझें।**

अनुमंडल दण्डाधिकारी, देवघर

PR 346796 (Deoghar)24-25*D

## अनुमंडल दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर।

दूरभाष सं०–06432-232326 ई–मेल–sdodeoghar@gmail.com

(सामान्य न्यायालय)

**नोटिस**

–बनाम–

झलकु झा, पे०–स्व० शंभु मिश्रा,
नियर शिक्षा सभा चौक, नरसिंह
टॉकिज गली, वार्ड नं०–29

ब–जरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि आपका धर्मशाला/भवन काफी जर्जर अवस्था में है एवं कभी भी किसी संभावित दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पूर्व में भी आपको नोटिस निर्गत करते हुए निदेश दिया गया हैं कि देवघर नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर भवन उपनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने भवनों की जाँच कराते हुए उसके मरम्मती एवं जर्जर मकान को तोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें, जिसका अनुपालन आपके स्तर से अबतक अधोहस्ताक्षरी को अप्राप्त है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य एवं **महाशिवरात्रि–2025** में संभावित भीड़ एवं काफी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए निदेश दिया जाता हैं कि **अविलम्ब** देवघर नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर भवन उपनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने भवनों की जाँच कराते हुए उसके मरम्मती एवं जर्जर मकान/धर्मशाला को तोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें।

उक्त आदेश का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में अथवा आपके जर्जर भवन/धर्मशाला से किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर, उसकी व्यक्तिगत जिम्मेवारी आपके उपर तय की जायेगी एवं साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–152 के तहत् विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

**इसे सख्त ताकिद समझें।**

अनुमंडल दण्डाधिकारी, देवघर।

PR 346789 (Deoghar) 24-25 (D)

## अनुमंडल दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर

दूरभाष सं०–06432-232326, ई–मेल–sdodeoghar@gmail.com

(सामान्य न्यायालय)

**नोटिस**

–बनाम–

लुचु साह,
नियर चाँदनी चौक, लोहाबाड़ी।

ब–जरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि आपका धर्मशाला/भवन काफी जर्जर अवस्था में है एवं कभी भी किसी संभावित दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पूर्व में भी आपको नोटिस निर्गत करते हुए निदेश दिया गया हैं कि देवघर नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर भवन उपनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने भवनों की जाँच कराते हुए उसके मरम्मती एवं जर्जर मकान को तोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें, जिसका अनुपालन आपके स्तर से अबतक अधोहस्ताक्षरी को अप्राप्त है।

अतः उपरोक्त परिप्रेक्ष्य एवं **महाशिवरात्रि–2025** में संभावित भीड़ एवं काफी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए निदेश दिया जाता हैं कि **अविलम्ब** देवघर नगर निगम से सम्पर्क स्थापित कर भवन उपनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपने भवनों की जाँच कराते हुए उसके मरम्मती एवं जर्जर मकान/धर्मशाला को तोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेगें।

उक्त आदेश का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में अथवा आपके जर्जर भवन/धर्मशाला से किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर, उसकी व्यक्तिगत जिम्मेवारी आपके उपर तय की जायेगी एवं साथ ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–152 के तहत् विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

**इसे सख्त ताकिद समझें।**

अनुमंडल दण्डाधिकारी, देवघर

PR 346726 Deoghar(24-25).D

## Office of the Executive Engineer

**Drinking Water & Sanitation Division Pakur.**

**e-Procurement Notice**

**Very Short Term Tender**

**Tender Reference No.- DWSD/PAKUR/32/2024-25 (3rd Call)** **Date- 19.02.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Department Name : | Drinking Water & Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi. |
| 2 | Name & Address of the Office Inviting Tender | Executive Engineer, D.W.&S. Division, Pakur |
| 3 | Date of Publication of Tender/Time on Website : | 20.02.2025/ 12 : 00 AM |
| 4 | Last date /Time for receipt of Online Bid | 25.02.2025/ 04 : 00 PM |
| 5 | Last date/time of Online submission of Earnest Money and Cost of BOQ(As per Letter No.-120, dated-03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand) | 25.02.2025/ 04 : 00 PM |
| 6 | Date of Opening of Tender /Time: | 26.02.2025/ 04 : 00 PM |
| 7 | Name &Address of Tender Opening Officer : | Executive Engineer, D.W.&S. Division,Pakur |
| 8 | Contact no. of Procurement Office : | 9110073326 |
| 9 | Help line No. of e-procurement cell : | 0651-2480345 |

**Name of work :-** Work for Major & Minor Routine Repairing of IM II Hand Pumps in rural areas of District Pakur for the under Drinking Water & Sanitation Division Pakur.

| Sl. No. | Group No. | Block | N0. Of Tube Well | | | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Time of Completion (in Days) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Major | Minor | Total | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | AMR-1 | Amrapara + Littipara | 245 | 245 | 490 | 309435 | 6300 | 750 | 06 Months |

Note:-
- No claim shall be entertained because of disputation of internet service being used by the bidders. Bidders are advice to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
- Estimated Cost may be increase or decrease.

**Executive Engineer, D.W. & S. Division, Pakur**

PR 346771 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

# झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** नगर के पोखरा चौक स्थित सिद्धो कान्हू चौक में बुधवार को झारखंड मुक्ति का सदस्यता अभियान जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की के नेतृत्व में चलाया गया ।जिसमें शहर के सैकड़ों नागरिको ने सदस्यता रसीद कटवा कर सदस्यता प्राप्त की ।

जिसमें मुख्य रूप से जामा विधायिका डॉ लुइस मरांडी, जिला सचिव निश्चित बरन गोलदार, जिला प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी,जिला कोषाध्यक्ष चंदन भुवानिया, नगर प्रभारी रवि यादव,शिवेंदु चक्रवर्ती, सुमंत यादव,राजेश सिंह, पराक्रम शर्मा,गौरव झा, मृणाल झा,अमित रक्षित, सोनु शेख, इंदु चोबे,गीता देवी,कृष्णा देवी,इत्यादि समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसकेएमयू ने घोषित की पीजी सेम 3 समेत 2 अन्य परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि

**दुमका ।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने बुधवार को कुल तीन परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी, जिसमें पीजी सेमेस्टर-3 के साथ-साथ बीबीए और बीसीए सेमेस्टर-4 की परीक्षाएं भी शामिल हैं। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने बुधवार को उक्त परीक्षा के लिए फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। पीजी सेमेस्टर-3 का परीक्षा फॉर्म बिना विलंब शुल्क के 25 फरवरी से 4 मार्च तक निर्धारित किया गया है, जबकि क्रमशः 200 रुपये और 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 5 से 7 मार्च और 8 से 10 मार्च तक निर्धारित किया गया है तथा फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग या कॉलेज में जमा करने की तिथि 11 से 12 मार्च निर्धारित की गई है। बीबीए बीसीए सेमेस्टर-4 के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 22 फरवरी से 1 मार्च तक निर्धारित की गई है। छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना डाउनलोड कर देख सकते हैं।

## क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए दुमका टीम गुमला रवाना

**दुमका।** जेएससीए के तत्वाधान में आयोजित होने वाले अंडर 23 जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए दुमका टीम बुधवार को गुमला के लिए रवाना हो गई जहां उसका पहला मुकाबला 21 फरवरी को पश्चिमी सिंहभूम से होगा 16 सदस्य टीम के कप्तान अंकुश रावत को बनाया गया है । इसके अलावा टीम में लक्ष्मण यादव, अंकित रावत, कुणाल यादव, सचिन मुंडा, प्रीत सिंह, विकास कुमार सिंह, देवराज गुप्ता, ऋषि शर्मा, रज्जाक अंसारी, उल्लास महतो, अभिषेक मंडल, रोनित कुमार, जयकांत मंडल, तुषार कुमार जयसवाल तथा आयुष कुमार सिंह को शामिल किया गया है टीम के मैनेजर दिनेश कुमार दिनेश कुमार सिंह को बनाया गया है।

## इंसान को बनावटी नहीं होना चाहिए : ओमप्रकाश

**हंसडीहा।** शिव मंदिर पर चल रही शिव महापुराण के तीसरे दिन कथावाचक ओमप्रकाश महाराज ने कहा कि इंसान को बनावटी नहीं होना चाहिए। बनावटी भाषा रिश्तों को तोड़ती है। जीवन में दिखावा नहीं आना चाहिए। झूठ नहीं बोलना चाहिए। शिव महापुराण विश्व का कल्याण करने वाली है। 84 लाख योनियों में आखिरी योनी मनुष्य योनी है। ईश्वर केवल मनुष्य को ही सोचने और समझने की क्षमता देता है। मनुष्य का जन्म ईश्वर भक्ति के लिए हुआ है। शिव को पाने के लिए इंसान को गलत विचार, बुरी सोच, बुरी दृष्टि, खराब खाना पीना और ऐसा पहनावा जो अच्छा नहीं होता है उसे त्यागना होगा। सजावट, बनावट और दिखावट से दूर रहो। बनावट की बात सनातन धर्म के लिए श्रेष्ठ नहीं है। श्रेष्ठ जीवन जीने के लिए दिखावे की जिंदगी जरूरी नहीं है। शिव अपनी शादी में नंदी पर बैठकर ससुराल गए थे। शिव ने अपनी शादी में कोई दिखावा नहीं किया। पंथ से बना भ्रम कथावाचक ओमप्रकाश ने कहा कि शिव महापुराण कहीं यह नहीं कहती राम, कृष्ण को छोड़ो। दुनिया के लोगों ने पंथ बनाकर भ्रम पैदा कर दिया है। वे कहते हैं कि शिव के मंदिर मत जाओ। शिव रौद्र रूप वाले हैं। शिव पिता हैं। यदि हमसे शिव पूजन में कोई कमी रह जाए तो वह अपने पुत्रों को माफ कर देते हैं। शिव सबके हैं।

## बीडीओ ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



**रानीश्वर (दुमका) ।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने बुधवार धानभाषा पंचायत में संचालित विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण किया है। बीडीओ ने गांव के चंपा स्वंय सहायता समूह के पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया है। जांच के क्रम में डीलर के द्वारा राशनकार्ड धारी लाभुकों को माह फरवरी का अनाज वितरण करते पाया गया है। वितरण की प्रतिशत संतोषजनक नहीं पाये जाने पर बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी श्री सिन्हा ने समूह के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष को बितरण में तेजी लाने की आदेश दिया, साथ ही निर्धारित समय सीमा के अंदर वितरण कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया है। सभी कार्डधारियों का ईकेवीआईसी करने की प्रगति लाने कहा है। तत्पश्चात आंगनबाड़ी केंद्र धानभाषा 2 के निरीक्षण किया है ।आंगनबाड़ी केंद्र खुला था जहां 18 बच्चें उपस्थित थे।

# दुमका : 22 वर्षीय युवक का मिला शव

## परिजनों ने कहा-यह हत्या है और इसे आत्महत्या का रूप देने की हो रही है कोशिश

दुमका ब्यूरो

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जरुआडीह इलाके में मोहम्मद आर्यन नामक एक 22 वर्षीय युवक का शव बुधवार को मिला है। शव की मिले जाने की सूचना मोहल्लेवासी को जैसे मिली पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और घटना क्षेत्र पर लोगों का जूटान होना शुरू हो गया। पुलिस को मोहल्लेवासी जैसे सूचना मिली पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है।



**बीते रात ही घर से निकला था आर्यन**

परिजनों के द्वारा बताई जा रही है कि मृतक मंगलवार रात घर से निकला था। मृतक आर्यन के भाई मो. सिद्दीकी ने बताया कि मंगलवार रात 8ः00 बजे मेरी उससे नजदीक के ही चौक पर मुलाकात हुई थी तो मैंने उसे घर जाने को कहा। देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो हमलोगों ने उसे फोन लगाया, काफी रिंग हुआ पर उसने फोन नहीं उठाया। उन्होंने बताया कि सुबह हमारे एक पड़ोसी ने जानकारी दी कि जरुआडीह बस्ती के आगे सुनसान इलाके में आर्यन का शव है। सिद्दीकी ने बताया कि हमलोग पांच भाई हैं और वह सबसे छोटा था। आर्यन मेन रोड स्थित एक कपड़े की दुकान में काम करता था और कुछ ही दिनों के बाद जो दुमका में हिजला मेला लगने वाला है उसमें एक दुकान भी खोलने वाला था। सिद्दीकी ने जोर देकर कहा कि मेरा भाई आत्महत्या करने वाला इंसान नहीं था। निश्चित रूप से उसकी हत्या की गई है और घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई है। उसने दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**घटनास्थल पर फॉरेंसिक जांच टीम के पहुंची**

घटनास्थल पर छानबीन के लिए दुमका एसडीपीओ विजय कुमार महतो, नगर थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद व फॉरेंसिक जांच टीम पहुंची । घटना के तहत तक जाने के लिए स्वान दस्ता की टीम भी बुलाया गया ।

पुलिस पूरी टीम घटना के सभी संभावित बिंदुओं पर छानबीन कर रही है बहरहाल शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**मृतक के पास से मोबाइल और एक पर्स बरामद**

मृतक मो. आर्यन के कपड़ों की तलाशी ली गई तो एक मोबाइल और एक पर्स बरामद हुआ है। उसने कान में आईपॉड भी लगा रखा था। सभी सामान को पुलिस ने जांच के लिए अपने पास रख लिया है।

**क्या कहना है जांच अधिकारी का**

एसडीपीओ विजय कुमार महतो ने कहा कि 22 वर्षीय युवक का शव मिला है। संभावित घटना के सभी पहलुओं को सूक्ष्मता के साथ अनुसंधान किया जा रहा है। इस मामले में अनुसंधान के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# महाशिवरात्रि : बाबा बासुकीनाथ के विवाह उत्सव पर 15.34 लाख होंगे खर्च



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**जरमुंडी ।** महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर बाबा बासुकीनाथ धाम में विवाहोत्सव की तैयारियां जोरो पर है। महाशिवरात्रि पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ जुटने का अनुमान है। आगामी 26 फरवरी को बाबा बासुकीनाथ की भव्य बारात झांकी निकलेगी। शिव विवाह को भव्य बनाने के लिए बिजली के सजावट पर 3,22,300 रूपये खर्च होंगे। महाशिवरात्रि पर शिव विवाह के आयोजन और श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को लेकर बासुकीनाथ मंदिर प्रबंधन ने पंडा, पुरोहितों व स्थानीय लोगों से महाशिवरात्रि के सफल संचालन को लेकर सहयोग की अपील की है। बासुकीनाथ मंदिर प्रभारी सह जरमुंडी बीडीओ कुंदन भगत ने बताया कि बाबा बासुकीनाथ का विवाह परंपरागत तरीके से किया जायेगा। भगवान भोलेनाथ के शादी में आनेवाले श्रद्धालुओं के सुविधार्थ विधि व्यवस्था को लेकर तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर अहले सुबह जल्दी ही गर्भगृह में पूजा शुरू कराया जायेगा। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर गर्भगृह में पूजा दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बाबा बासुकीनाथ के विवाहोत्सव का बजट 15,34,074 रुपये निर्धारित किया गया है। बासुकीनाथ मंदिर के आसपास सभी नागरिक भी अपने अपने घरों की सजावट करेंगे। बिजली के रंगीन लाइट से मंदिर परिसर तथा आस-पास के क्षेत्रों को सजाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर मंदिर में पांच बजे सुबह से ही शीघ्रदर्शनम की व्यवस्था रहेगी। महाशिवरात्रि पर बासुकिनाथ में साफ सफाई को दुरूस्त कराने का निर्देश दिया गया है।

**फौजदारीनाथ की शादी खर्च का ब्योरा**

| ब्यौरा | राशि |
|---|---|
| सदावरत | 35,574 |
| शहनाई वादन | 38,500 |
| राजा बैंड पार्टी | 8,370 |
| विद्युत डेकोरेशन मंदिर | 3,22,300 |
| रंग रोगन मजदूरी | 4,62,000 |
| पांच रथ | 82,500 |
| प्रसाद आदि | 9975 |
| सजावट फूल से | 1,48,500 |
| झांकी | 60,500 |
| मोर चंडोल | 5,500 |
| बांस का बर्तन | 2,640 |
| मिट्टी का बर्तन | 2,970 |
| चनवा,मेधला, ध्वजा | 27,500 |
| फल, कपड़ा, बर्तन, ढोल | 60,500 |
| ब्राम्हण पुरोहित | 4,400 |
| अधिवास श्रृंगार पूजन | 84,700 |
| वीडियोग्राफी | 20,900 |
| बांस बेरिकेटिंग | 1,160 |
| प्रसाद भोग आदि | 1,04,785 |
| मुर्ति का रंग रोगन | 41,500 |
| अन्यान्य | 9,300 |

## बच्चों को दी गयी पौष्टिक आहार की जानकारी



**दुमका।** बंदरजोड़ी स्थित लिटिल स्टेप्स पब्लिक स्कूल में बुधवार को यूनिसेफ के द्वारा भोजन में पोषक तत्व तथा पौष्टिक भोजन के बारे में बताया गया। जिसमें विद्यालय के निदेशक माधव पंडित प्रधानाध्यापक राजेश सिंह क्षेत्रीय समन्वयक लीड्स एवं पिनाक पानी बैन जिला समन्वयक साकेत कुमार विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं बरखा कुमारी श्रुति सिंह परिमल पंजियार शिल्पी कुमारी चंदा कुमारी सोनी कुमारी एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में समन्वयक लीड्स साकेत कुमार ने बच्चों से उनसे संबंधित खेलकूद में रुचि के बारे में पूछते हुए उन्हें खेल कूद के महत्व बताएं तथा खेल बच्चों के जीवन के लिए कितनी महत्वपूर्ण है उनके बारे में जागरूक किया। इसके पश्चात बच्चों को उनकी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में बताया गया कि हमें किस प्रकार का भोजन करना चाहिए।

## दुमका रामपुरहाट रेल पटरी के समीप सिर कटा शव बरामद

**शिकारीपाड़ा ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पिनरगाडिया रेल स्टेशन के समीप रेल पटरी पर एक युवक का सिर कटा शव मिला है। जिसको लेकर गांव में अफरा तफरी मच गई। हो हल्ला होने के बाद शिकारीपाड़ा थाना को इसकी जानकारी दी गई। घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे लेकर थाना लाया गया उसके बाद शव को आज बुधवार को पोस्टमार्टम हेतु फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेजा गया। मृत युवक का नाम इमाम अंसारी उम्र लगभग 17 साल पिता स्वर्ग जाकिर अंसारी जो पिनरगढ़िया गांव के रूप में हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई हैं।

## दहेज को लेकर प्रताड़ना मामले पर पति,भैसुर व अन्य पर मामला दर्ज

**सरैयाहाट।** थाना क्षेत्र में दहेज के लिए शादी के बाद नवविवाहिता को छोड़ देने का मामला सामने आया है। मामलें को लेकर सरैयाहाट थाना क्षेत्र के धनोत गांव निवासी महिला लक्ष्मी देवी ने बिहार के बंधुआकूड़ा थाना क्षेत्र धोबरना गांव निवासी अपने पति सुरेन्द्र सिंह, भैसुर उमेश सिंह और बाबुमनी सिंह सहित ससुराल के अन्य सदस्यों पर दहेज के लिए मारपीट कर घर से भगा देने का मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी ताराचंद ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 351(2), 351(3) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अनुसंधान कर रही है।

## दो सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक रेफर

**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना क्षेत्र अन्तर्गत दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बुधवार को तीन लोग घायल हो गए।पहली सड़क दुर्घटना दुमका-देवघर मुख्य मार्ग पर जरमुंडी बाजार की है।जहां एक बाइक पर सवार दो युवक जयराम मंडल (40 वर्ष), पिता विष्णु मंडल ग्राम जराकुरवा थाना जरमुंडी निवासी एवं दूसरा युवक मुरारी शर्मा (38 वर्ष) ग्राम कुशबाद निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक तेज गति में बाइक चलाते हुए बासुकीनाथ की ओर से घर लौट रहे थे। इस क्रम में अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। घटनाक्रम में अज्ञात वाहन मौके पर से भाग निकलने में सफल रहा। दूसरी सड़क दुर्घटना मधुबन गांव के पास की है। जरमुंडी थाना क्षेत्र के मदनपुर निवासी बाइक सवार राहुल दास (28 वर्ष), पिता योगेंद्र दास अपनी मां को तालझारी थाना क्षेत्र के चोरडीहा गांव में छोड़कर वापस घर लौट रहा था।

## आईक्यूएसी ने किया आपदा प्रबंधन पर सेमिनार



**रानीश्वर (दुमका) ।** आईक्यूएसी के तत्वावधान में बुधवार को भूगोल विभाग द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय आपदा प्रबंधन सेमिनार का शुरुआत करते हुए मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय रानीश्वर के आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर प्रो आबिद राजा आपदा प्रबंधन पर सेमिनार की शुरुआत करते हुए प्राचार्य प्रो नव कुमार पाल ने बताया की आपदा प्रबंधन की जानकारी हर विद्यार्थियों को होनी चाहिए। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो आबिद रजा ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न उपायों पर चर्चा की। भूगोल के विभाग अध्यक्ष प्रो हुमायूं कबीर में विश्व में घटित हो रहे हैं विभिन्न प्रकार के आपदाओं की चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन आपदाओं में कुछ प्राकृतिक जनक है और कुछ की उत्पत्ति मनुष्य के गलत क्रियाकलापों के फलस्वरुप हुआ है। भूगोल विभाग के प्रो जय मंगल राय ने बताया कि आपदा प्रबंधन आज मनुष्य के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। इसे ठीक से सीखने की जरूरत है।

## जिला स्तरीय अंडर 23 टूर्नामेंट आज से शुरू

**दुमका।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय अंडर 23 टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरुवार से एटीएम ग्राउंड में होने जा रहा हैद्य गुरुवार को पहला मुकाबला लोहरदगा और गढ़वा के बीच खेला जाएगाद्य 28 फरवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में लोहरदगा गढ़वा के अलावा रांची, धनबाद, गुमला और जामताड़ा की टीमें भाग ले रही हैद्य टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए दुमका जिला क्रिकेट संघ द्वारा इसकी जोर-जोर से तैयारी की गई हैद्य संघ के पदाधिकारी पिछले कई दिनों से मैदान को दुरुस्त करने के अलावा टीमों के रहने खाने की व्यवस्था में लगे हुए हैं बुधवार को भी संघ के पदाधिकारी दिन भर एटीएम ग्राउंड स्टेडियम में तैयारी का जायजा लेते रहे । दोनों टीमों के साथ ऑफिशल्स तैयारी से काफी संतुष्ट दिखे।

## महाशिवरात्रि पर पर्यटन विभाग निकाले शिव बारात : अभयकांत

### पूर्व सांसद ने राज्यपाल को पत्र देकर की मांग



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ मंदिर न्यास पर्षद के सदस्य और पूर्व राज्यसभा सांसद अभयकांत प्रसाद ने राज्यपाल को पत्र देकर बासुकीनाथ धाम में पर्यटन विभाग द्वारा शिव बारात निकलवाने की मांग की है। पूर्व राज्य सभा सांसद ने बताया कि बासुकिनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात निकाली जाती है। और महाशिवरात्रि पर मेला का आयोजन होता है। यह मेला बहुत ही प्राचीन है। शिव बारात का आयोजन पर्टन विभाग कराये।बासुकिनाथ से जरमुंडी बाजार तक सड़क के दोनों किनारे आकर्षक विद्युत सजावट हो और बारात में हाथी घोड़ा भी रहे। पूर्व राज्य सभा सांसद ने बताया कि इस वर्ष देवघर में पर्यटन विभाग के द्वारा शिव बारात का आयोजन किया जा रहा है। बासुकीनाथ में भी पर्यटन विभाग बारात निकलवाने की व्यवस्था करे। इस संदर्भ में पूर्व राज्य सभा सांसद ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री को पत्र देकर एवं दूरभाष पर भी बातचीत किया है। राज्यपाल ने इस संबंध में पूर्व राज्य सभा सांसद को फोन पर संबंधित पदाधिकारी से बातचीत करने का आश्वासन दिया है।

# नहीं थम रहा है नदियों से अवैध बालू का उत्खनन, बालू माफिया काट रहे चांदी, प्रशासन मौन

संवाददाता

**नोनीहाट ।** किसी नें सच ही कहा है कि सरकार अपराध को रोकने के लिए तमाम नियम-कायदा व कानून तो बनाती है, मगर जब उसको लागू करने की बात आती है तो पूरा सिस्टम फेल हो जाता है। नियमों का पालन करवाने वाले ही अगर नियमों की धज्जियाँ उड़ाए और अनदेखी करें तो फिर शिकायत किससे की जाये। कुछ ऐसा ही हाल झारखंड की उपराजधानी दुमका जिला अंतर्गत हंसडीहा थाना क्षेत्र का है जहाँ दीनदहाड़े सारे नियम व कानूनों की धज्जियाँ उड़ाकर खुलेआम बालू का अवैद्ध उत्तखनन किया जा रहा है, साथ ही साथ सड़कों पर बालू का अवैध परिवहन भी खुलेआम जारी है। मगर सबकुछ पता होते हुए भी प्रशासन इन बालू माफियाओं के ऊपर किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही किये बिना ही सभी को अभय दान दिए जा रही है। ये सब देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि नदियों से बालू का अवैध उत्तखनन और अवैध परिवहन करने वाले माफियाओं के सामने प्रशासन घुटने टेकने को मजबूर है। ऐसे मामले में कोई कार्यवाही ना होना कई बातो की ओर इशारा करता है जिसे हर कोई समझता है, मगर कह पाने की हिम्मत कोई नहीं करता। इसी बात का अनुचित फायदा उठाकर चंद पैसों की लालच में मुट्ठी भर लोग तमाम पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख कर बालू का अवैद्ध कारोबार कर रहे हैं और चाँदी काट रहे हैं। हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदिया नदी का लगवा घाट, चंद्रदीप घाट, व नोनिगाव के धोबय नदी का घाट व सुखजोरा पुल के नीचे का घाट अवैद्ध बालू उत्खनन का मुख्य केंद्र बना हुआ है। जिससे रोज़ाना सैकड़ो ट्रैक्टर बालू का अवैद्ध उत्खनन किया जाता है और उसे बेचा भी जाता है। आखिर क्या कारण है कि प्रशासन के द्वारा इन बालू माफियाओं के ऊपर कोई भी कार्यवाही नहीं कि जा रही है। ये एक जांच का विषय है



# हिजला मेला में सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति का डीडीसी ने दिया निर्देश



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** आगामी 21 से 28 फरवरी तक मयूराक्षी नदी तट पर चलने वाले राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार को मेला परिसर में उप विकास आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक की। बैठक में हिजला मेला के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों को उनके कार्यो से अवगत कराते हुए कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के लिए गठित सभी समिति अपने दायित्वों का निर्वहन समय पर व ईमानदारी पूर्वक करेंगे। मेला क्षेत्र की साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। मेला क्षेत्र में जगह-जगह डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। बाहरी कला मंच व भीतरी कला मंच में शौचालय सहित पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए। विभागों से संबंधित प्रदर्शनी लगाने के निर्देश गए। कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि हिजला मेला महोत्सव के दौरान लगाए जाने वाले स्टॉल की सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ले।

मेला स्थल की रंगाई-पुताई, मरम्मत, रोशनी, पेयजल व मेला मार्ग का रंग-रोगन समय रहते पूर्ण करने का निर्देश दिया। पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को मेले तक आने वाले सड़क को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। निजी,सरकारी, दो पहिया व चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए जगह चिह्नित करते हुए प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने को कहा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षा बल की प्रतिनियुक्ति करने के निर्देश दिए। हर जगह साइनेज लगाने को कहा। बैठक के उपरांत उप विकास

## रायकिनारी के विवेक बने फूड इंस्पेक्टर सीएम ने दिया नियुक्ति पत्र



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**जरमुंडी ।** नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत फूड इंस्पेक्टर के पद पर रायकिनारी के योगेंद्र प्रसाद साह के पुत्र विवेक कुमार ने प्रोजेक्ट भवन सभागार , रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त किया।

दो भाई एवं एक बहन में सबसे छोटे विवेक के बड़े भाई विमल कुमार, स्वास्थ्य विभाग में एमपीडब्ल्यू एवं बहन शिक्षा विभाग में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। विवेक कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाई-बहन एवं परिवारजनों को दिया है । विवेक कुमार के पिता योगेन्द्र प्रसाद साह रायकिनारी, जरमुंडी के व्यवसायी हैं। इस मौके पर उन्होंने भावुक होकर अपने पुत्र की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अपने संघर्षशील जीवन के बीच जो सपना देखा था, उनके बच्चों ने अपने सतत परिश्रम से साकार किया है।

# एसकेएमयू : पीजी एडमिशन के लिए आज जारी होगा मेरिट लिस्ट

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय आज गुरुवार को पीजी एडमिशन के लिए मेरिट लिस्ट जारी करेगा। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय की ओर से 2 से 16 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन के लिए चांसलर पोर्टल खोला गया था। इस दौरान कुल 7248 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न 5 कॉलेजों में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। कई विषय ऐसे हैं, जिनमें उपलब्ध सीटों से अधिक छात्रों ने एडमिशन के लिए आवेदन किया है, जिसमें मुख्य रूप से भूगोल, हिंदी, इतिहास, संथाली, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, गणित, जूलॉजी आदि विषय शामिल हैं। जिस विषय में उपलब्ध सीटों से अधिक छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया है, उसकी मेरिट लिस्ट बनेगी, बाकी जिन विषयों में उपलब्ध सीटों से कम छात्रों ने आवेदन किया है, उनमें सभी छात्र एडमिशन ले सकेंगे। मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद 21 से 28 फरवरी तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जाएगा। सहायक डीएसडब्ल्यू डॉ. पूनम हेम्ब्रम ने कहा कि मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है कोई भी छात्र सूची में अपना नाम देखकर गुरुवार से दस्तावेज सत्यापन करा सकता है एवमं एडमिशन ले सकतें है।

**किस पीजी सेंटर के आया है कितना आवेदन** –यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट्स दुमका-2789, देवघर कॉलेज, देवघर- 1997,साहेबगंज कॉलेज, साहेबगंज-1759, गोड्डा कॉलेज, गोड्डा-550, सत्संग कॉलेज, देवघर-153 (केवल कॉमर्स)

**किस विषय के लिए कितना सीट है सेंसेन्ड**

हिंदी,इतिहास,भूगोल-200, संथाली,अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान- 150, जूलॉजी और अंग्रेज़ी- 120 बॉटनी, केमेस्ट्री, गणित,भौतिकी, सोशियोलॉजी एवं कॉमर्स- 100, बंगाली,संस्कृत, उर्दू, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र,संथाल कल्चर स्टडी, एमबीए और एमसीए- 60, नॉट- जिस कॉलेज में जो विषय की पढ़ाई होती है, नामंकन के लिए समान संख्या में सीटें उपलब्ध हैं।

**मेरिट में किस कैटेगिरी को मिलेगा कितना सीट जानिए**

**एससी-10प्रतिशत**
**एसटी-26प्रतिशत**
**अत्यंत पिछड़ा वर्ग- 8प्रतिशत**
**पिछड़ा वर्ग- 6प्रतिशत**
**आर्थिक रूप से कमजोर-10प्रतिशत**
**अनारक्षित-40प्रतिशत**

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चसिपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686